श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 215, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 3 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

अंतरिक्ष में 'सूर्ययान', जय 'हिंदुस्तान'

बेंगलुरुः चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10वें दिन इसरो ने शनिवार को आदित्य एल1 मिशन लॉन्च कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के छ वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235*9500 डे की पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है। इसरो ने बताया कि आदित्य एल1 की पहली ऑर्बिट राइजिंग 3 सितंबर को सुबह 11:45 बजे की जाएगी।

आदित्य एल1 का सफर

पीएसएलवी रॉकेट ने आदित्य को 235* 19500 किमी की पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा।

16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहेगा। 5 बार थ्रस्टर फायर कर ऑर्बिट बढ़ाएगा।

फिर से आदित्य के थ्रस्टर फायर होंगे और ये एल1 पॉइंट की ओर निकल जाएगा।

110 दिन के सफर के बाद आदित्य ऑब्जरवेटरी इस पॉइंट के पास पहुंच जाएगा

थ्रस्टर फायरिंग के जरिए आदित्य को एल1 पॉइंट के ऑर्बिट में डाल दिया जाएगा।

लैगरेंज पॉइंट-1 (एल1) क्या है? लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में छ1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाती है। ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी से दोनों के बीच स्थिर रहता है और उस पॉइंट के आस-पास चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।

एल1 पॉइंट पर ग्रहण बेअसर

इसरो का कहना है कि एल1 पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। ये 6 जनवरी 2024 को एल1 पॉइंट तक पहुंचेगा।

सूर्य का अध्ययन करना क्यों है जरूरी?

दरअसल, सूरज सौरमंडल का सबसे नजदीकी तारा है, इसलिए इसका अध्ययन करना अन्य तारों की तुलना में ज्यादा आसान है। इसका अध्ययन करने के बाद मिल्की वे के तारों के बारे में ज्यादा-से-ज्यादा जानकारियां हासिल हो सकती हैं। सूर्य एक गतिशील तारा है, जिसमें आए दिन कई विस्फोटककारी घटनाएं होती रहती हैं। इन घटनाओं के कारण सूर्य सौरमंडल में काफी ऊर्जा छोड़ता है। यदि यह घटना पृथ्वी की ओर बढ़ती हैं, तो इससे पृथ्वी के आसपास के अंतरिक्ष वातावरण में गड़बड़ी हो सकती हैं। यहां तक कि यदि कोई अंतरिक्ष यात्री इन विस्फोटक गतिविधियों के संपर्क में आ जाता है, तो इससे उसकी जान तक खतरे में पड़ जाएगी। सूर्य कई ऐसी घटनाओं पर अध्ययन करने का बेहतरीन मौका देता है, जिन्हें लैब में रहकर समझ पाना शायद कभी संभव ही नहीं है।

जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

इसरो ने शनिवार को आदित्य एल1 मिशन लॉन्च, आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा

सूर्य दो तरह से एनर्जी रिलीज करता है

प्रकाश का सामान्य प्रवाह जो पृथ्वी को रोशन करता है और जीवन को संभव बनाता है।

प्रकाश, कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का विस्फोट जिससे इलेक्ट्रॉनिक चीजें खराब हो सकती हैं। इसे सोलर फ्लेयर कहा जाता है। जब ये फ्लेयर पृथ्वी तक पहुंचता है तो पृथ्वी की मैंगनेटिक फील्ड हमें इससे बचाती है। अगर ये ऑर्बिट में मौजूद सैटेलाइटों से टकरा जाए तो ये खराब हो जाएंगी और पृथ्वी पर कम्युनिकेशन सिस्टम से लेकर अन्य चीजें ठप पड़ जाएंगी। इसीलिए इसरो सूर्य को समझना चाहता है। अब तक का सबसे बड़ा सोलर फ्लेयर 1859 में पृथ्वी से टकराया था। इसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। सोलर फ्लेयर के कारण ग्लोबल टेलिग्राफ कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ था।

सूरज इतना विशाल है कि इसमें 13 लाख पृथ्वी समा जाएं।

ये इतना गर्म है कि 1 लाख करोड़ परमाणु बम के विस्फोट से निकली ऊर्जा भी फीकी पड़ जाए। सूरज 460 करोड़ साल का हो चुका है और इसके अगले 1,000 करोड़ साल तक बने रहने की संभावना है।

इस मिशन में क्या है उद्देश्य?

इस मिशन के जरिए कोरोनल हीटिंग और सौर पवन को समझना संभव हो सकेगा।

कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), फ्लेयर्स और पृथ्वी के पास के अंतरिक्ष मौसम की शुरूआत को समझने में मदद मिलेगी।

सौर तूफान की उत्पत्ति, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियां और उनकी विशेषताएं को समझना होगा।

भूपेश सरकार के विरुद्ध भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस को घेरा

रायपुरः छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आरोप पत्र लॉन्चिंग कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत कई दिग्गज नेताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2018 के घोषणापत्र के वादे झूठे निकले आज न केवल जनघोषणा पत्र के वादे अधूरे हैं बल्कि छत्तीसगढ़ में माफिया राज व्याप्त हो चुका है, चारो ओर लूट और भय का माहौल है। आरोप पत्र को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आरोप पत्र के माध्यम से हम पिछले पौने 5 साल में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए लूट को प्रदेश की जनता के बीच लेकर जाएंगे। आज केंद्रीय जांच एजेंसियां भी इस सरकार के भ्रष्टाचारों को प्रमाणित कर रही हैं, कोयले में 540 करोड़, पीडीएस में 600 करोड़, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 5000 करोड़ शराब में 2,161 करोड़, गौठान में 1300 करोड़ और गोबर तक में 229 करोड़ रुपए का घोटाला करने वाली ये सरकार है अब तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली इस सरकार की संलिप्तता जुए और सट्टे में भी प्रमाणित हो गई है। इस भ्रष्ट भूपेश सरकार हो हम बहुत जल्द जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधा उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोटालों की लिस्ट बताई साथ ही उन्होंने प्रदेश में विकास कार्यों को लेकर कहा कि भाजपा सरकार के विकासकार्यों का एक तिहाई कार्य भी कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई है ।

ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट...एएसआई ने 56 दिन और मांगे

वाराणसी

ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई ने वाराणसी कोर्ट से 8 हफ्ते यानी 56 दिन का समय मांगा है। इसके लिए एएसआई ने वाराणसी जिला जज अजय कुमार विश्वेश की कोर्ट में एक एप्लिकेशन दी है। अब 8 सितंबर को जिला जज इस पर सुनवाई करेंगे। बता दें कि एएसआई को वाराणसी कोर्ट में पूरी सर्वे रिपोर्ट पेश करनी थी। इससे पहले शनिवार सुबह हिंदू पक्ष के एडवोकेट विष्णु जैन ने कहा, "एएसआई की ओर से कोर्ट में सर्वे का समय बढ़ाने को लेकर बात चल रही है।

चांद पर 10 दिन में 101 मीटर चला रोवर



बंगलुरूः चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान ने शिवशक्ति लैंडिंग पॉइंट से 100 मीटर की दूरी तय कर ली है। इसरो ने शनिवार (2 सितंबर) को लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के बीच की दूरी का ग्राफ शेयर किया है। इसमें दिखाया गया है कि प्रज्ञान पहले लैंडर से पश्चिम की तरफ जा रहा था। बाद में इसने दिशा बदलकर उत्तर की तरफ चलना शुरू किया। इसरो ने 50*50 स्केल के आधार पर ग्राफ बनाया है। जिसमें बताया है कि रोवर 101.4 मीटर दूरी चल चुका है। विक्रम लैंडर 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरा था। रोवर को यह दूरी तय करने में 10 दिन लगे। 14 दिन का है मिशन, अब स्लीप मोड की तैयारीः इसरो चीफ एस सोमनाथ ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि लूनर नाइट्स नजदीक हैं। इसलिए इसरो चंद्रयान-3 को स्लीप मोड में लाने की तैयारी कर रहा है। चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का है। 2 सितंबर को इसका 11वां दिन है। यानी प्रज्ञान के पास साउथ पोल रिसर्च के लिए 3 दिन और बाकी हैं। दरअसल, चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। जब यहां रात होती है तो तापमान -100 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो जाता है।

चंद्रयान के लैंडर और रोवर अपने सोलर पैनल्स से पावर जनरेशन कर रहे हैं। रोवर-लैंडर 14 दिन तक तो पावर जनरेट कर लेंगे, लेकिन रात होने पर पावर जनरेशन प्रोसेस रुक जाएगी। पावर जनरेशन नहीं होगा तो इलेक्ट्रॉनिक्स भयंकर ठंड को झेल नहीं पाएंगे और खराब हो सकते हैं। इसरो ने जो ग्राफ शेयर किया है, उसके मुताबिक प्रज्ञान लैंडर विक्रम से 101.4 मीटर दूर उत्तर दिशा में आगे बढ़ रहा है।

चीन बॉर्डर पर तीनों भारतीय सेनाओं का युद्धाभ्यास

जवानों ने सिक्किम के नदी-तालाब में वॉर सीन क्रिएट किया...

नई दिल्लीः भारतीय वायुसेना ने थलसेना और नौसेना के साथ चीन बॉर्डर से लगे सिक्किम के हाई एल्टीट्यूड एरिया में हेलोकास्टिंग और डाइविंग एक्सरसाइज की। यह कॉम्बैट ट्रेनिंग सिक्किम जैसे दूर-दराज वाले इलाकों में युद्ध जैसे हालात बनने पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में जवानों की मदद करती है। इस स्पेशल प्रैक्टिस के फोटो और वीडियो शुक्रवार शाम भारतीय वायुसेना ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए। साथ ही लिखा कि तीनों सेनाओं ने एक्स्ट्रीम वैदर कंडीशन में डाइविंग एक्सरसाइज की।

हालांकि सेना ने यह कॉम्बैट प्रैक्टिस कब की, इसका खुलासा नहीं किया गया है।

हेलोकास्टिंग ट्रेनिंग क्या है: हेलोकास्टिंग ट्रेनिंग में सेना में शामिल तैराक और गोताखोर जवान युद्धाभ्यास करते हैं। इन जवानों को अलग-अलग क्षेत्रों जैसे पहाड़ों, मैदानों के वॉटर सोर्स या समुद्र में हेलिकॉप्टर और नावों के जरिए ड्रॉप किया जाता है, ताकि वे रियल वॉर सीन क्रिएट करके सर्चिंग और रेस्क्यू की प्रैक्टिस कर सकें।

केंद्र सरकार के गलत फैसले से समाचार पत्रों से जुड़े लाखों लोग बेरोजगार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । **रेल बो**र्ड द्वारा शुक्रवार को जारी विज्ञापन नीति में पर्याप्त फेरबदल किया गया है। इस फेरबदल से समाचार पत्र से जुड़े करोड़ों लोगों पर अपने परिवार की जीविका चलाने पर सीधा असर पड़ता दिख रहा है । बता दे कि अभी तक रेल बोर्ड अपने जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से स्थानीय विज्ञापन एजेन्सियों से विज्ञापन की डिजाइन बनवाकर स्थानीय व बाहरी समाचार पत्रों में प्रकाशित कराता था तथा अवकाश के दिनों या कार्यालय समय के बाद भी तत्काल निविदाओं को समाचार पत्र में अनुरोध करके प्रकाशित कराता था, जिससे समय से व सुचारू रूप से कार्य चल रहा था, लेकिन अचानक रेल बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन नीति में अब रेलवे के विज्ञापन डीएवीपी द्वारा प्रकाशित कराये जाने की बात की गई है और तत्काल निर्देश भी दे दिया गया है जो सभी रेलवे को प्राप्त हो गया है। उक्त निर्देश से स्थानीय समाचार पत्र एवं विज्ञापन एजेसियों के लाखों-करोड़ों लोगों के सामने

बेरोजगारी का संकट उत्पन्न हो जायेगा जिससे बेरोजगारी की स्थिति और भी गंभीर हो जायेगी, जिससे इनके परिवार के समक्ष भुखमरी का संकट उत्पन्न हो जायेगा । केंद्र सरकार को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पत्रकार साथियों ने माननीय प्रधानमंत्री जी से यह अनुरोध किया है कि पूर्व की तरह जिस तरह विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए रेलवे जोन से दिया जाता था इस स्थिति को यथावत बनाए रखे । जिससे लाखों-करोड़ों परिवार को बेराजगार होने से बचाया जा सके। ऐसे निर्णयों से आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं भारत सरकार दोनों की छवि धूमिल होती है। जिससे आपका गरीब और आम मतदाता भी प्रभावित होगा ।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, कहा, जन समस्या निराकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य

जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकताः सीएम

गोरखपुरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों कहा है कि जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराएं। सीएम योगी ने उक्त निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पारिवारिक सम्पत्ति विवाद का निस्तारण पहले दोनों पक्ष के बीच बातचीत कराकर किया जाए।

न होने पर कानूनी तरीके से हल निकाला जाए। जमीन कब्जा की शिकायत पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो उदाहरण बने।

जानवरों जैसे पार्टनर बदलना सभ्यता नहीं: इलाहाबाद हाईकोर्ट

युवाओं को लिव-इन कॉन्सेप्ट लुभाता है, रिश्ते में स्वीकृति-ठहराव नहीं तो हताशा होती है

प्रयागराजः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप पर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि जानवरों की तरह हर मौसम में पार्टनर बदलने का कॉन्सेप्ट एक सभ्य और स्वस्थ समाज की निशानी नहीं हो सकता। व्यक्ति को शादी में जो सुरक्षा, सामाजिक स्वीकृति और ठहराव मिलता है, वह कभी भी लिव-इन रिलेशनशिप में नहीं मिल सकता। शादीशुदा लिव-इन पार्टनर से रेप करने के आरोपी व्यक्ति को जमानत देते हुए जस्टिस सिद्धार्थ की सिंगल बेंच ने कहा कि ऊपरी तौर पर लिव-इन का रिश्ता बहुत आकर्षक लगता है, लुभाता है। समय बीतने के साथ उन्हें एहसास होता है कि इस रिश्ते की कोई सामाजिक स्वीकृति नहीं है। इससे युवाओं में हताशा बढ़ने लगती है।

लिव-इन में प्रेग्नेंट हो गई थीः सहारनपुर के रहने वाले अदनान पर उसकी लिव-इन पार्टनर ने रेप का आरोप लगाया था।

सम्पूर्ण समाधान दिवस मेजा में 191 शिकायत मिलीं, 5 का मौके पर हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

मेजा तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम सीओ की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों का हुआ निस्तारण

मेजा। मेजा तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम सीओ की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उन्हें संबंधित अधीनस्थों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के कड़े निर्देश भी दिए। बता दें कि मेजा तहसील सभागार में एसडीएम अमित गुप्ता और सीओ विमल किशोर मिश्र की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसीलदार नीलम उपाध्याय भी मौजूद रहीं।इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उन्हें संबंधित अधीनस्थ कर्मचारियों और अधिकारियों को निस्तारण के लिए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का बिना अनियमितता, लापरवाही के गुणवत्तापूर्ण और एक सप्ताह में निस्तारण किया जाए। अगर कोई भी अधिकारी कर्मचारी बिल्कुल भी लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 191 शिकायते आई जिनमे से मौके पर पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया।शिकायतों में राजस्व से 70,पुलिस से 57,विकास से 19,समाज कल्याण से 2 शिक्षा से 1एक और अन्य से कुल 43 शिकायतें मिली।सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए द्वय अधिकारियों ने सभी मामलों के संबंधित शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार ललतरा राजेंद्र सिंह,मेजा मांडा थाना के दरोगा,मेजा ब्लॉक से एडीओ समाज सुशांतु पांडेय सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

40 किलो गांजा व स्कार्पियो गाड़ी के साथ तस्कर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

मेजा। थाना मेजा पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 39 किलो 30 ग्राम अवैध गांजा व परिवहन में प्रयुक्त वाहन एक स्कार्पियो बरामद किया गया। बता दें कि पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर व सहायक पुलिस आयुक्त मेजा विमल किशोर मिश्र के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय, चौकी प्रभारी मेजारोड विकास कुमार सिंह ने पुलिस टीम व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को मुखबिर की सूचना पर समय करीब नौ बजे बसहरा नहर पुलिया के पास से एक गलत नंबर प्लेट की स्कार्पियो के साथ तीन नफर अभियुक्तगणों धीरेन्द्र तिवारी उर्फ धर्मेन्द्र तिवारी उर्फ राजेश पुत्र कैलाश तिवारी निवासी ग्राम सलैया थाना कपरजीत जिला सीधी मध्य प्रदेश, राजेश मिश्रा पुत्र राजपति मिश्रा निवासी बहादुरशाह नगर थाना कोरांव जनपद प्रयागराज व रामू यादव पुत्र रामइकबाल यादव निवासी ग्राम श्रीनगर मौजा पथरताल थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि उक्त स्कार्पियो पर लदे अवैध नाजायज गांजा जिसका वजन 39 किलो 30 ग्राम व स्कार्पियों में बदल बदलकर प्रयुक्त की जाने वाली दो अदद नम्बर प्लेट बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना मेजा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

न्यूज झरोखा

हम त खेले जइबो सावन में कजारिया बदरिया घिर आइल ननदी

जंघई। श्री राम जानकी मंदिर जंघई में विगत कई वर्षों से आयोजित होने वाले कजरी मेला एवं दंगल का आयोजन शनिवार को किया गया। मेले में बच्चों एवं महिलाओं तथा पुरुषों ने जमकर खरीददारी की तथा बच्चों ने झूले व खाने पीने की वस्तुओं का लुफ्त उठाया।वहीं मेले में सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिसफोर्स भी मौजूद रहा तथा लगातार लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। ग्रामवासियों के सहयोग से विगत कई वर्षों से लगातार विशाल कजरी मेला एवं दंगल का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को भी मंदिर परिसर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला एवं दंगल का आयोजन किया गया।

शुद्ध हवा और स्वस्थ जीवन के लिए वृक्षारोपण जरूरी :संतोष त्रिपाठी

शंकरगढ़। योगी जी के 35 करोड़ वृक्षारोपण के लक्ष्य पूर्ति हेतु राष्ट्र हित सेवा संस्थान द्वारा नगर के पटेल नगर मोहल्ला में नागा बाबा की कुटी में वृहद वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रहित सेवा संस्थान गोबरा हेबार के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि हमें शुद्ध हवा और स्वस्थ जीवन के लिए वृक्षों की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता है और यह तभी संभव है जब हम सभी मिलकर वृक्ष लगाए और वृक्षों की कटाई को रोकें। इसी लक्ष्य को देखते हुए 200 वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रेमचंद्र त्रिपाठी, श्याम नारायण दुबे,ज्ञानेंद्र मिश्रा,अशोक कुमार त्रिपाठी संदीप सिंह, छोटेलाल, पंकज श्रीवास्तव पुष्पेंद्र पांडे,आदित्य सिंह यश सिंह,अनुराग सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

परिवर्तन समाज पार्टी के संस्थापक की पुण्य तिथि कार्यक्रम मांडा में आज

मेजा। मेजा क्षेत्र के ओनौर गांव में शनिवार को परिवर्तन समाज पार्टी की एक बैठक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे पार्टी संस्थापक स्वर्गीय इंजीनियर रामलाल साहू की पांचवीं पुण्यतिथि को मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया और सभी स्थानीय पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को कार्यक्रम में पहुंचने की अपील भी किया गया पुण्य तिथि कार्यक्रम कल 3 सितंबर दिन रविवार को मांडा के गिरधरपुर पेट्रोल टंकी के सामने मनाया जायेगा जिसमे मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार साहू और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता जी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से अशोक कुमार गुप्ता,जय शंकर,हरिश्चंद्र गुप्ता, भरत लाल गुप्ता,शिव शंकर प्रजापति,गिरीश शर्मा,विनोद विश्वकर्मा,तेजबहादुर गुप्ता,अंजनी गुप्ता,रामपति, रमेश चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

सम्मान से आगे बढ़ता है प्रतिभाओं का हुनर : रमेश

करछना। प्रतिभाओं के सम्मान से उनका हुनर आगे बढ़ता है और एक नई ऊर्जा के साथ और बेहतर करने के प्रति प्रेरित करता हैं। विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद बच्चों को तमाम कार्यक्रमों के दौरान अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिलता है। ऐसे बच्चों को सम्मानित किए जाने से उनका हौसला बढ़ता है। यह बातें क्षेत्र की रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में विगत दिनों आजादी अमृत महोत्सव के दौरान हुई तमाम बाल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने कही। उन्होंने बच्चों को और भी बेहतर प्रदर्शन के प्रति प्रेरित किया। संगीत शिक्षिका मोहिनी श्रीवास्तव ने भी जूनियर वर्ग के प्रतिभागी बच्चों की हौसला अफजाई की। इस दौरान पहले क्रम में कविता,लोकगीत,नृत्य प्रतियोगिता के बेहतर रहे बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतियोगिताओं के स्थान पाने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य द्वारा सोमवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया जाएगा।

ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति ने राज्यपाल को संदर्भित ज्ञापन भाजपा नेता यौगेश शुक्ल को सौंपा

मेजा। लंबित मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति यू पी इकाई उरुवा के जिलाध्यक्ष अनीस मिश्र की अगुवाई में राज्यपाल को संदर्भित ज्ञापन भाजपा नेता यौगेश शुक्ल को सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि ज्ञापन लेने के दौरान ग्राम रोजगार सेवकों की जायज मागों पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि रोजगार सेवक की पंचायतों के विकास में अहम भूमिका होती है।मै आप सबकी जायज मागों को शासन प्रशासन के अलावा राज्यपाल तक अवश्य पहुंचाने का काम करूंगा। इस मौके पर रामेश्वर यादव प्रदीप रस्तोगी उदयवीर सिंह शिशिर सिंह घनश्याम जीतबहादुर निर्दोष मिश्रा सत्येन्द्र सतीश बालगोविंद संजीव संजीत पवन इंद्रजीत पंकज आजाद तथा सचिन सहित तमाम रोजगार सेवक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नेरोलक पेंट द्वारा आयोजित संगोष्ठी में उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक

जंघई। पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल जंघई में नेरोलक पेंट द्वारा आयोजित संगोष्ठी में पेंटरों एवं उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। कंपनी के अधिकारी कृष्णा केसरवानी एवं अभिषेक सिंह ने उपस्थित लोगों को पेंट की गुणवत्ता तथा प्रयोग विधि की जानकारी देते हुए नेरोलक पेंट उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, गुंजन पांडेय, संजय पांडेय, अंकित पांडेय सहित तमाम उपभोक्ता, पेंटर, राजमिस्त्री आदि लोग मौजूद रहे।

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रवेश पांडेय भाजपा आईटी संयोजक बनाए गए

जंघई। पतवां, जंघई गांव निवासी प्रवेश पांडेय को भारतीय जनता पार्टी ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र का आईटी संयोजक एवं लालेश पटेल को सह संयोजक बनाया है। सोशल मीडिया में पार्टी एवं सरकार के कार्यक्रमों को क्षेत्र में जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी देते हुए यह नियुक्ति की गई है जिससे भाजपा एवं सरकार के कार्यक्रमों को आम जनमानस में बताया जा सके। प्रवेश पांडेय ने जिले के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अपनी जिम्मेदारी को सहर्ष ग्रहण करते हुए कहा है कि मुझको पार्टी ने जो जिम्मेदारी दिया है उसका मैं पूरी ऊर्जा एवं निष्ठा से निर्वहन करूंगा तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों एवं सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से आम नागरिकों तथा प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के कोने कोने तक पहुंचाऊंगा।

फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव

पति, सांस, ससुर सहित आधा दर्जन नामजद विवाहिता के मौत पर परिजनों ने दिया धरना

अखंड भारत संदेश

मांडा। प्रयागराज ।मांडा थाने क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची मांडा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। फूल मंडी नैनी निवासी धर्मेन्द्र सोनकर बहन पूजा सोनकर का शव बंद कमरे में साड़ी से बने फंदे में लटकता मिला ग्रामीणों ने इसकी सूचना मांडा पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़कर शव फंदे से नीचे उतार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही मायके पक्ष के मृतका के भाई धर्मेंद्र कुमार सोनकर ने मांडा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन को ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित किया करते थे जो बीते त्योहार रक्षाबंधन पर आने के लिए कह रही थी और आगे बताया कि ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए आए दिन मुझे मारा पीटा करते है जिसमें उसके पति देवीलाल सोनकर पुत्र गुलाब सोनकर, करन सोनकर, कन्हैया सोनकर, पुत्र अज्ञात रेशम सोनकर पुत्री गुलाब सोनकर निवासी मांडा आए दिन मेरी बहन को प्रताड़ित करते थे मृतका के भाई के तहरीर पर आधा दर्जन ससुराल जनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया है। वही थाना प्रभारी संजय संधू ने कहा मृतका के भाई के तहरीर पर ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विवाहिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अगली कार्यवाही की जायेगी।

खेत मे जानवर चले जाने के विवाद में पार पीट तीन घायल, मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव में खेत मे जानवर चले जाने के विवाद में दबंगो ने लाठी डंडो से पीट पाट कर तीन को घायल कर दिया । तथा जाति सूचक गालियों से नवाजा गया।भुक्त भोगी की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मार पीट एस सी एस टी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के अलावलपुर गांव निवासी पप्पू पुत्र स्व राम औतार के मुताबिक उन के खेत मे धान की फसल लगी हुई है। बताया गया कि विपक्षी का जानवर खेत मे जाकर धान को नुकसान कर रहा था। मना करने पर मेरे पुत्र विष्णु को लाठी डंडो से मारने पीटने लगे जब मेरी पुत्री उषा व पुत्र अजय बीच बचाव कारने लगे तो उन को भी मार पीट कर घायल कर दिए। जिस से सिर में गम्भीर चोटें आई है तथा जाति सूचक मा बहन की भद्दी भद्दी गालिया दी।पप्पू ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर पड़ोस के ही रितेश,सुनील यादव,मोटे के खिलाफ मार पीट तथा एस सी एस टी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

शोकाकुल परिवार से मिली सांसद रीता जोशी, दी आर्थिक सहायता

अखंड भारत संदेश

बारा। भाजपा सांसद रीता जोशी ने शनिवार को यमुनापार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बारा के सुंदरपुर गांव पहुंचकर मृतक चंद्रशेखर भारतीय के परिजनों से मुलाकात की। मृतक की पत्नी निशा देवी और मां केवली देवी से मिलकर ढांढस बढ़ाते हुए कहा कि वह और भाजपा सरकार उनके साथ खड़ी है। हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मृतक चंद्रशेखर भारतीय के तीनों बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए एसडीएम बारा को निर्देशित किया। सांसद ने कहा कि मृतक के परिवार को प्रदेश सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता के अलावा अन्य सभी प्रकार की संभव सहायता दिलाई जाएगी। इस दौरान सांसद ने मृतक की पत्नी को 20000 रुपये की नगद सहायता राशि प्रदान करते हुए आगे भी मदद का आश्वासन दिया। सांसद ने कहा कि प्रयागराज में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद से यमुनापार की कानून व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है, इसे लेकर प्रदेश सरकार से मुलाकात की जाएगी, उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी बात की गई है।यद्यपि परिजनों ने कार्यवाही पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए निवेदन किया कि चक्काजाम करने वालों के खिलाफ कोई भी मुकदमा दर्ज न किया जाए। सांसद महोदया ने एसडीएम बारा से शासन द्वारा सहायता राशि,भूमि का पट्टा जल्द देने को कहा, क्योंकि ये भूमिहीन तो हैं ही, इनके तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।सांसद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद यमुनापार में कानून व्यवस्था लचर हो गई है उन्होंने सुंदरपुर की घटना को मुख्यमंत्री जी से भी अवगत कराया है,जिसे मुख्यमंत्री जी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि जहाँ आज पूरा देश उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की तारीफ कर रहा है,तो वहीं कुछ स्थान पर कुछ लोग निरंतर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर दलित समाज के कई लोगों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों को फोन करके तत्काल काम किए जाने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से संत प्रसाद पांडेय, राजेश त्रिपाठी, भोलानाथ दुबे, भैय्यन पांडे, मनोज वर्मा, आनंद कुमार ,गया प्रसाद त्रिपाठी, अमित दुबे, अनिल मिश्रा, विमलेश पासवान, रत्नेश पासवान, रजनीश आदिवासी, राजेश आदिवासी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने जेवरात,नगदी सहित लाखो के माल पर किया हाथ साफ

मऊआइमा। मऊआइमा में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए घर कर ताला तोड़ कर कमरे में दाखिल हो गए ।कमरे में रखा बक्शा तोड़ कर जेवरात ,नगदी सहित लाखो के माल पर हाथ साफ कर दिए।भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बुआ पुर गांव निवासी रमेश चंद्र पुत्र स्व राम जियावन के मुताबिक उनका परिवार रात में किसी कार्यक्रम में गया हुआ था ।जब सुबह आया तो देखा कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर कमरे में दाखिल हो गए बक्शा तोड़ कर बक्शे में रखा 28 हजार नगदी तथा सोने के कान का झुमका,नथिया,एक पाव चांदी का जेवर चोर चोरी कर ले गए।भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरो का पता लगाने में जुट गई है।

शोषितो पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करते हैं अधिवक्ता : रीता जोशी

अखंड भारत संदेश

बार कोराव के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व अध्यक्ष बेचन लाल सिंह ने दिलाई शपथ

कोरांव में मुंसिफ कोर्ट की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री से करुंगी बात : सांसद

कोरांव। अधिवक्ता शोषित वंचित समाज को न्याय दिलाने का काम करते हैं,समाज का प्रबुद्ध वर्ग होने के नाते लोगों को न्याय दिलाने में अधिवक्ता अहम भूमिका निभाते हैं। यह बातें प्रयागराज की सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने तहसील कोराव में आयोजित बार एशोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के शपथ समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। सांसद रीता जोशी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी समेत सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि सभी निर्वाचित पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए तहसील आने वाले फरियादियों को न्याय दिलाने का काम करें, यही हमारी आप सब के साथ शुभकामना है। कोराव के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि तहसील कोराव में मुंशीफ कोर्ट की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर बात करूंगी निश्चित तौर पर सार्थक परिणाम के लिए सदैव पहल करती रहूंगी। केंद्र व प्रदेश के डबल इंजन की सरकार की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि सड़क से लेकर पेयजल, बिजली जैसे मूलभूत मुद्दों पर हम विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने तहसील कोराव में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए पूर्व में ही 15 लाख 80 हजार रुपए अपनी निधि से स्वीकृत की थी। जिससे अधिवक्ताओं को भवन बनवाने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी व मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला को 12 एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बेचन लाल सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसके बाद सपथ ले चुके नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला समेत अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के उपरांत अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित को लेकर मैं सदैव संघर्ष करता रहूंगा उनके सम्मान को आंच नहीं आने दूंगा। समारोह में उपस्थित रहे एसडीएम कोराव अविनाश सिंह यादव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण तिवारी ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। नए अध्यक्ष को गोविंद मिश्र ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अधिवक्ताओं के शपथ समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बाल गोविंद पांडे संचालन एडवोकेट गजेंद्र सिंह ने किया। शपथ समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख रामअवध कुशवाहा, पूर्व चेयरमैन कोरांव नरसिंह कुमार केसरी, भोला सिंह, लल्लन कुमार तिवारी एडवोकेट, शशि द्विवेदी, तुलसीदास राणा, बलराम द्विवेदी, बबुआन द्विवेदी, आर के पांडे, राजेश त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री कैलाश नाथ सिंह, हरिप्रसाद सिंह, पूर्व अध्यक्ष है हेमवती कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण तिवारी, सुनील पांडेय समेत भारी संख्या में तहसील कोराव के अधिवक्ता मौजूद रहे।सांसद ने कहा कि तहसील कोराव में मुंशीफ कोर्ट की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर बात करूंगी निश्चित तौर पर सार्थक परिणाम के लिए सदैव पहल करती रहूंगी। केंद्र व प्रदेश के डबल इंजन की सरकार की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि सड़क से लेकर पेयजल, बिजली जैसे मूलभूत मुद्दों पर हम विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने तहसील कोराव में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए पूर्व में ही 15 लाख 80 हजार रुपए अपनी निधि से स्वीकृत की थी। जिससे अधिवक्ताओं के हित को लेकर मैं सदैव संघर्ष करता रहूंगा उनके सम्मान को आंच नहीं आने दूंगा। समारोह में उपस्थित रहे एसडीएम कोराव अविनाश सिंह यादव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए बार और बेंच के बीच तारतम्य मिलाकर वादों का निपटारा करने सहयोग की अपील की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण तिवारी ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। नए अध्यक्ष को गोविंद मिश्र ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अधिवक्ताओं के शपथ समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बाल गोविंद पांडे संचालन एडवोकेट गजेंद्र सिंह ने किया। शपथ समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख रामअवध कुशवाहा, पूर्व चेयरमैन कोरांव नरसिंह कुमार केसरी, शशि द्विवेदी,भोला सिंह, तुलसीदास राणा, बलराम द्विवेदी, बबुआन द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री कैलाश नाथ सिंह, हरिप्रसाद सिंह, पूर्व अध्यक्ष है हेमवती कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण तिवारी, सुनील पांडेय समेत भारी संख्या में तहसील कोराव के अधिवक्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

करोड़ों के जमीन घोटाले में आरोपी महिला के घर पुलिस ने की कुर्की

झूंसी। स्थानी थाना क्षेत्र के शेरडीह गांव में करोड़ों की जमीन के घोटाले में 23 साल से फरार चल रही महिला के अल्लापुर स्थित घर पर शनिवार को पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की है। मामले में बाकी एक आरोपी की मौत हो गई है और एक जेल में है। पुलिस ने बताया कि एलोपी बाग निवासी राजेश पांडे ने 2001 में विमला उपाध्याय, सुनील अग्रवाल व सुरेश गर्ग खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया था। आरोप है की तीनो ने मिल कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर झूंसी के शेरडीह में पांच बीघे जमीन जिसकी कीमत करोड़ों में है वह जमीन अपने नाम कर ली थी। जिसमें विक्रेता मनफोर्डगंज सुनील अग्रवाल था। जिसकी मौत हो चुकी है। अल्लापुर की रहने वाली विमला उपाध्याय व कीडगंज बैरहना निवासी सुरेश गर्ग फरार चल रहे थे। पुलिस ने सुरेश गर्ग और विमला उपाध्याय के खिलाफ 82 की कार्रवाई की तो सुरेश गर्ग ने सरेंडर कर दिया वहीं विमल उपाध्याय अभी फरार है शनिवार को झूंसी पुलिस ने विमला उपाध्याय के घर पर कुर्की की कार्रवाई की।

रेल मंत्रालय की नई नीति से बेहद आहत पत्रकारों ने पीएम को संबोधित ज्ञापन सांसद केसरी देवी को सौंपा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पहचाने जाने वाला पत्रकारिता जगत से जुड़े लोग इन दिनों रेल मंत्रालय की नई नीति से बेहद आहत है कारण उनके सामने रोजी-रोटी का संकट आ पड़ा है। जिसे लेकर पूरे देश में पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। ज्ञात हो कि भारत सरकार के अधीन रेल मंत्रालय है जिसके अधीन रेलवे बोर्ड है जहां से पूरे भारतवर्ष में विभिन्न राज्यों के अंतर्गत चलने वाली ट्रेनों का संचालन होता है। ट्रेनों के संचालन व रखरखाव हेतु मंत्रालय ने पूरे भारतवर्ष में 17 जोन बनाए हैं जो अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले शहरों से चलने वाली ट्रेनों के संचालन की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हैं। उत्तर प्रदेश भारत का बड़ी आबादी वाला राज्य है। यहां से भारत के विभिन्न राज्यों की ओर ट्रेनों का आवागमन होता है। इस राज का महत्व इसलिए और भी अधिक है कि यहां पर एक नहीं अनेकों तीर्थ व धार्मिक स्थल है जहां पर पूरी दुनिया से श्रद्धालु आकर अपनी आस्था के अनुरुप दर्शन पूजा अर्चना करते हैं। इसके अलावा पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल देश के यशस्वी प्रधानमंत्री पीएम मोदी का भी निर्वाचन क्षेत्र इसी प्रांत के वाराणसी है। रेल मंत्रालय द्वारा किए जा रहे विकास उपलब्धि समय समय पर नई-नई ट्रेनों के संचालन रखरखाव आदि से संबंधित विज्ञापन विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित कर जनमानस को जानकारी दी जाती है इसके लिए प्रत्येक जोन में जनसंपर्क कार्यालय बनाया गया है जहां से समाचार पत्रों को एजेंसी द्वारा विज्ञापन देने का प्रावधान है जो बीते कई वर्षों से निरंतर चला आ रहा है।समाचार पत्र रेल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य उपलब्धि आदि की जानकारी अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित कर जन जन तक पहुंचाने का कार्य करता चला आ रहा है। पूरे भारतवर्ष में लगभग 70% लघु मध्यम समाचार पत्र है जो सरकार प्रशासन विभाग विशेषकर रेल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य जन उपयोगी कार्यो की जानकारी प्रमुखता से आम जनमानस तक पहुंचाने का करते हैं । प्रत्येक समाचार पत्र में 10 से 12 कर्मचारी का जीवकोपार्जन होता आ रहा है। समझने वाली बात है समाचार पत्र का आय का श्रोत विज्ञापन है ठीक उसी तरह जैसे वाहन चलाने के लिए ईंधन की आवश्यकता पड़ती है बिना भरे वो नहीं चल पाएगी इसी तरह समाचार पत्र का ईंधन विज्ञापन है जिससे समाचार पत्र के समूह से जुड़े लगभग 4 करोड़ लोगों का जीवकोपार्जन होता है किंतु बीते दिनों रेल मंत्रालय की एक पत्रकार विरोधी नीति लागू होने से पत्रकार जगत से जुड़े करोड़ों लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। जिसके बाद देश के अलग-अलग प्रांतों में इस नीति के विरोध में स्वर तेज होने लगे हैं। इसी कड़ी में आज प्रयागराज में भी विभिन्न समाचार पत्रों के स्वामी संपादक पत्रकारों व कर्मचारियों ने एक मीटिंग सिविल लाइंस स्थित संगम पैलेस में रखी गई जहां पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि सर्वप्रथम हम लोग पीएम मोदी को संबोधित एक ज्ञापन अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने वाली सांसद केशरी देवी पटेल जी को सौंपे। इसके लिए पत्रकार सांसद केशरी देवी पटेल जी के आवास पर गए और पत्रकारों ने अपने समाज के लोगों की भावनाओं से अवगत कराया जिसे श्रीमती केशरी ने गंभीरता पूर्वक सुनने के उपरांत कहा कि आप लिखित रूप से ज्ञापन दे मैं आपकी बातों को रेल मंत्रालय प्रधानमंत्री जी और रेलवे बोर्ड के अफसरों के समझ रखूंगी और पूरा प्रयास करुंगी कि आप लोगों के समक्ष जो संकट होने की संभावना जताई गई है उसे अतिशीघ्र निवारण किया जाए और पत्रकार हित में वर्तमान में चल रही नीति लागू की जाए जिसे पत्रकारों के समक्ष जीवकोपार्जन का संकट ना उत्पन्न हो और पुर्व की भांति चलता रहे। ज्ञापन उत्तर प्रदेश पत्रकार कल्याण परिषद के सचिव बलराम शुक्ला अनुपम शुक्ला अनूप मिश्रा राकेश शर्मा के के श्रीवास्तव कमलेश मिश्रा जेपी श्रीवास्तव अनुराग तिवारी देवेंद्र त्रिपाठी व विभिन्न समाचार पत्रों के स्वामी संपादक व पत्रकार गण मौजूद रहे।

डीएम ने की दधिकांदों मेला की तैयारियों के सम्बंध में बैठक

अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में दधिकांदों मेला के आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बंध में दधिकांदों मेला आयोजन समितियों के सदस्यों एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दधिकांदों मेला आयोजन समितियों के सदस्यों से मेले के सकुशल आयोजन के सम्बंध में सुझाव भी मांगे गये, जिसपर समितियों के सदस्यों के द्वारा ढीले एवं जर्जर विद्युत तारों, साफ-सफाई एवं मार्गों को ठीक कराये जाने हेतु कहा गया। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को दधिकांदों मेला लगने वाले स्थानों तथा मार्गों पर ढीले एवं जर्जर तारों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नगर को सम्बंधित क्षेत्रों के अपर नगर मजिस्टेज्टों एवं पुलिस अधिकारियों को क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को साफ-सफाई, एण्टीलार्वा का छिड़काव, फागिंग, पीने के पानी, स्ट्रीट लाइटों एवं मार्गों को तत्काल ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को दधिकांदों मेला वाले स्थलों पर एम्बुलेंस तथा चिकित्सकों की टीम की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया है तथा अग्निशमन विभाग को मेला वाले स्थलों पर अग्निशमन की गाड़ियों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने दधिकांदों मेला आयोजन समितियों को अपने वालंटियर नियुक्त करने तथा उनकी सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर डीसीपी नगर दीपक भूकर ने कहा कि मेले में सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जायेगी तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी तथा महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती किए जाने के साथ साथ वीडियोग्राफी भी करायी जायेगी। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डेय सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ दधिकांदों मेला आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

राजस्व टीम ने खीरी में पुलिस बल के मौजूदगी में की नाप व पैमाइश

तहसील प्रशासन को जल्द रिपोर्ट सौंपेगी पैमाइश करने वाली टीम

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। खीरी बाजार में हुई छात्र सत्यम सेन की हत्या के बाद आक्रोशित एवं चक्का जाम कर रहे लोगों की मांग को लेकर तहसील प्रशासन ने राजस्व टीम भेज कर शनिवार को गांव के सार्वजनिक जमीनों की नाप व पैमाइश कराई। राजस्व टीम ने खीरी ग्राम सभा के चक मार्ग, नवीन परती आदि सरकारी जमीनों की पैमाइश करने के उपरांत जल्द अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपेगी। राजस्व टीम के पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक करवाई करने की जानकारी सूत्रों के द्वारा मिली है। ज्ञातव्य हो कि छात्र सत्यम की हत्या से आक्रोशित लोगों ने आरोपी बनाए गए ग्राम प्रधान के घर पर बुलडोजर चलवाने की मांग की है। जिसके क्रम में तहसील प्रशासन ने तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा तीन राजस्व निरीक्षक व आधा दर्जन से अधिक लेखपालों की टीम गठित कर पैमाइश के लिए रवाना किया था। शनिवार को टीम ने खीरी गांव के सरकारी भूखंडों की नाप व पैमाइश की है। बताया जाता है कि राजस्व टीम अपनी रिपोर्ट जल्द तहसील प्रशासन को सौंपेगी जिसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मुसहर महिलाओं ने हाथ में बटुआ व तबला लेकर किया प्रदर्शन

शिकायत के बाद भी नहीं किया जा रहा पेयजल का इंतजाम

रत्योरा। लतीफपुर की मुसहर महिलाओं ने पीने का पानी न होने को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करने पहुंची जहां वे हाथ में खाली बटुआ व तबला लेकर पीने के पानी की व्यवस्था कराए जाने के लिए प्रदर्शन किया। संपूर्ण समाधान दिवस में बैठे एसडीएम अविनाश सिंह यादव व खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह यादव को अपना शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए मुसहर जाति की गरीब महिलाओं ने कहा कि साहब हम लोग गर्मी हो ठंडी हो या बरसात हो हर महीने में पीने के पानी के लिए भटकते हैं। कई बार शिकायत की गई लेकिन आज तक हम लोगों के बस्ती में पीने के पानी का इंतजाम नहीं कराया जा सका। गरीब महिला समदेई व रूपा ने बताया कि हम लोगों को तकरीबन डेढ़ किलोमीटर दूर से पानी पीने के लिए लाना पड़ता है। बर्तन धोने नहाने की कोई व्यवस्था नहीं है। बगल में एक लोग का बोर है जहां से दस प्रति बाल्टी हम लोगों को पानी दिया जाता है। ऐसे में हम लोग पीने के पानी के लिए मजबूर हैं। हाथ जोड़कर महिलाओं ने पीने के पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। खंड विकास अधिकारी ने गरीब महिलाओं का शिकायती पत्र सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिनेश चंद्र पाठक को सौंपते हुए जांच कर शीघ्र पेयजल व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया है।

प्रमुख सचिव परिवहन ने की विकास कार्यों एवं परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक

निर्माण कार्यों को बिना रिवाईज के निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाये पूर्ण

परियोजनाओं के साथ सम्बंधित विषयों के एम0टेक व बी0टेक के फाइनल ईयर के छात्रों को भी जोड़ा जाये, यातायात के नियमों का कड़ाई से कराया जाये अनुपालन

दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर लोगो को सर्तक करने हेतु प्रभावशाली स्लोगन व पेंटिंग वाले बोर्ड लगाये जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। प्रमुख सचिव परिवहन एल0 वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में विकास कार्यों एवं परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 10 करोड़ या इससे अधिक की निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा की गयी। बैठक में यूपीपीसीएल, यूपी सिडको, पीडब्लूडी, सेतु निगम, राजकीय निर्माण निगम, आवास-विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति एवं परिवहन विभाग की परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गयी। प्रमुख सचिव ने बैठक में प्रत्येक विभाग के द्वारा कितनी परियोजनाओं को बिना स्टीमेट रिवाईज के पूर्ण कराया गया है, की जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा व निर्धारित लागत में ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करायी जाये। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के रिवाईज होने से कार्य की लागत बढ़ने के साथ कार्य में विलम्ब होता है, जिससे परियोजनाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का सख्त निर्देश है कि सभी परियोजनाओं को समयसीमा के अन्तर्गत ही पूर्ण कराया जाये। बैठक में कहा कि परियोजनाओं के साथ एम0टेक व बी0टेक के फाइनल ईयर के सम्बंधित ब्रांचों के छात्रों को भी जोड़ा जाये, जिससे उनकी प्रैक्टिकल नॉलेज भी बढ़ेगी तथा कार्य भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो सकेगा। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने हेतु गाड़ी व चालक दोनों की फिटनेस अवश्य ठीक होनी चाहिए एवं ड्राइविंग प्रशिक्षण सेंटर मानक के अनुरूप हो। दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर लोगो को सर्तक करने हेतु प्रभावशाली स्लोगन व पेंटिंग वाले बोर्ड लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने ओवर स्पीडिंग रोकने हेतु कैमरे, स्पीडगन लगाने व गतिसीमा से ज्यादा तेज वालन चलाने वालो का चालान करने के लिए कहा है। बैठक में सम्भागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा जनवरी से जुलाई माह के मध्य सम्बंधित जिलो में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि व कमी के बारे में जानकारी दी गयी। प्रमुख सचिव ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को अपने स्तर से विभागीय कार्यों को कैसे उत्कृष्टता प्रदान की जा सकती है, के बारे में विचार करते हुए प्रत्येक स्तर पर सुधार करें। जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने जनपद में आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के संतोषजनक/असंतोषजनक स्थिति के बारे में प्रमुख सचिव को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

छात्र का अपहरण कर मांगी गई फिरौती, हड़कंप

झूंसी। थाना क्षेत्र से दो दिन पहले लापता कक्षा 7 के छात्र की मां के फोन पर कॉल कर दो लाख की फिरौती मांगी गई है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमें हड़कंप मच गया। पुलिस सर्विलांस की मदद से फिरौती करने वाले की कॉल ट्रेस कर फेक काल बता रही पर अभी तक बच्चे का कोई पता नहीं चला है। बच्चे के पिता दिल्ली में कबाड़ का काम करते है। गुरुवार की दोपहर घर से निकला एक छात्र गायब हो गया एक दिन आसपास रिश्तेदारों के यहां परिजनों ने पता किया पर उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तभी गायब छात्र की मां के फोन पर एक फोन आया और उसने बताया कि हम तुम्हारे बच्चे का अपहरण कर लिए हैं। दो लाख रुपए दो नहीं तो बच्चों को मार देंगे कॉल करने वाले ने कहा कि हम झूंसी किसी और बच्चे का अपहरण करने आए थे वह नहीं मिला तुम्हारा ही बच्चा मिल गया इसलिए उसे उठा ले आए। फोन करने वाले की आवाज से बिहारी लग रहा था। उसने कई बार व्हाट्सएप्प कॉलिंग व वीडियो कॉलिंग भी की। जब इस बात की जानकारी पुलिस को हुई तो आनन फानन में पुलिस ने बच्चों के अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फेसबुक पर पड़ी सूचना को देखकर साइबर शातिरो ने फेक कॉल की थी बच्चों का पता लगाया जा रहा है।

रविवार को शाम 3 बजे से 7 बजे तक नहीं रहेगी बिजली

मेजा। 132 के0वी0 मेजा-मसौली लाइन के मैटेनेन्स कार्य के दौरान कल 3 सितंबर को शाम 3 बजे से शाम 7 बजे तक 33 के0वी0 मेजा-हाटा (मेजा तहसील), 33 के0वी0 मेजा-ठळढउ (ब्रेकडाउन), 33 के०वी० मेजा लेडियारी (ब्रेकडाउन) के शटडाउन रहेगा। इस संबंध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-मेजा ने बताया कि 132 के०वी० मेजा-मसौली लाइन के लोकेशन संङ्ख 13-14 के मध्य 03 नग 33 के0वी0 लाइनें नीचे से गुजर रही है, जो कि आपके लाइन मैन द्वारा साइट पर 33 के0वी0 मेजा-हाटा (मेजा तहसील), 33 के०वी० मेजा ठळढउ (ब्रेकडाउन), 33 के0वी0 मेजा लेडियारी (ब्रेकडाउन) के रूप में चिन्हित किया गया है। उक्त 132 के0वी0 लाइन का शटडाउन कार्य दिवस 3 सितंबर 23 को सायं 3 बजे से सायं 7 बजे तक होना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता सुधीर कुमार के निदेशानुसार उक्त 03 नग 33 के0वी0 लाइनों का शटडाउन हेतु संबंधित को जानकारी देने के लिए उपखंड अधिकारी मेजा और अवर अभियंता आशीष कुमार को निर्देशित करने के अनुपालन में निर्धारित दिन और समय में विद्युत कटौती कर ससमय कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

विहार के वार्षिक महोत्सव में पद्मश्री अवार्ड प्राप्त कर सुप्रसिद्ध गायक संजय शर्मा ने बढ़ाया यूपी का गौरव

अखंड भारत संदेश

मेजा। बिहार प्रदेश के मुंगेर जिला के अति प्राचीन बाबा धर्मदास धाम में आयोजित वार्षिकोत्सव महोत्सव में भारत के सात राज्यों के नाई समाज संगठन के लोगो ने हिस्सा लिया जिसमें प्रयागराज जिले के सुप्रसिद्ध गायक संजय शर्मा ने अपनी मृदुल गायकी से महोत्सव कार्यक्रम में जलवा बिखेरते हुए न सिर्फ चार चांद लगाए बल्कि पद्मश्री का पुरस्कार प्राप्त कर पूरे उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि बाबा धर्मदास धाम के वार्षिकोत्सव महोत्सव में विहार राज्य के अतिरिक्त झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा ,पश्चिम बंगाल, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तथा असम राज्यो के नाई समाज संगठन के लोगो ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी किया था। जिसमे उत्तर प्रदेश से सुप्रसिद्ध गायक एव उद्घोषक संजय शर्मा रंग मंच और लोक विधा के जनक भिखारी ठाकुर के नक्शे कदम पर चलकर अपने गीत संगीत के माध्यम से जनमानस को जागरूक करने और नाई समाज का गौरवमयी इतिहास बताने के लिए पद्मश्री भिखारी ठाकुर जूनियर मानध उपाधि पुरस्कार से जहा सम्मानित किया गया ।वही उत्तर प्रदेश प्रयागराज जिला के नीरज शर्मा को युवाओं को जागरूक करने के लिए वरिष्ट युवा समाज सेवी के रुप मे सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश प्रयागराज जिले के विकास खण्ड उरुवा अंतर्गत स्थित बगहा गांव निवासी संजय शर्मा व मेजारोड निवासी नीरज शर्मा ने यह सम्मान प्राप्त कर प्रयागराज के साथ साथ पूरे उत्तर प्रदेश के नाई समाज का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एव राष्ट्रीय नाई महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश सी0के0 ठाकुर ने संजय शर्मा व नीरज शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए मंच से सम्मानित किया है। इस मौके पर धर्मेंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष विहार,परमा नन्द सविता असम प्रदेश, रवींद्र ठाकुर छत्तीसगढ़, रामा नन्द ठाकुर उड़ीसा, सुमित सेन नंद वंशी मध्य प्रदेश के अतिरिक्त बैजनाथ ठाकुर गया, रामा नन्द ठाकुर बेगुसराय, राना ठाकुर खड़गपुर, राजेंद्र ठाकुर तारा पुर , वासुदेव ठाकुर, एव सुमन कुमारी जिला परिषद सदस्य मुगेर, सहित हजारों की संख्या में स्थानीय नाई समाज के लोग वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीयपति पुरस्कृत शिक्षक कपिल देव ठाकुर भागलपुर तथा संचालन पूर्व भारतीय थल सेना सैनिक टुनटुन ठाकुर ने किया।

दशहरे की तैयारी को लेकर महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शहर के लोकप्रिय महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी को वरिष्ठ पार्षद पूर्व महामंत्री भाजपा महानगर गिरी शंकर प्रभाकर(गिरी बाबा), ने दशहरा के संबंध में रानी मंडी, चड्ढा रोड, भारती भवन सड़क निर्माण के लिए महापौर को अवगत कराया। महापौर जी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया ' साथ मे गोपाल जी मालवीय सेक्टर संयोजक भाजपा चौक मंडल प्रयागराज,मनोज मिश्रा, शुभम मालवीय ,शिवरतन गुप्ता, प्रवीण मालवीय,रवि सिलावन,आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बच्चों ने वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ। न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का मॉडल तैयार करके छात्र-छात्राओं तथा लोगों को जल संरक्षण का संदेश देते हुए बांसुरी डिजाइन तथा मटका डेकोरेशन प्रतियोगिता में भाग लेकर आकर्षक माडल प्रस्तुत किया। शंकरगढ़ के सिंधी टोला स्थित न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ कई तकनीकी ज्ञान सीख रहे हैं। बच्चों ने शनिवार को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का मॉडल पेश करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय द्वारा बांसुरी डिजाइन प्रतियोगिता तथा मटका डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में आयुषी कक्षा 8 की टीम प्रथम रही वहीं दूसरे स्थान पर कक्षा 8 के ही मयंक केसरवानी रहे। तीसरा स्थान अंशुमान मिश्रा की टीम को प्राप्त हुआ। बांसुरी डेकोरेशन प्रतियोगिता में आयुषी सिंह को प्रथम तथा खुशी द्विवेदी की टीम को द्वितीय स्थान मिला। मटका डेकोरेशन प्रतियोगिता में पूर्णिमा मिश्रा, सृष्टि तिवारी, वैशाली पांडे, अर्पिता केशरवानी तथा रितिका सिंह के ग्रुप को प्रथम स्थान मिला। साहिल तिवारी , कुणाल पांडे, आदित्य ,अर्पिता, माही केसरवानी ,प्रिया द्विवेदी, अनुष्का चौरसिया की टीम को द्वितीय स्थान मिला । विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद मिश्रा ने सभी बच्चों के बनाए गए मॉडल की तारीफ करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी । कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही आवश्यक नहीं है। समय की मांग के हिसाब से बच्चों में कई प्रकार के अन्य गुण भी विकसित करने चाहिए जो उनके लिए भविष्य में उपयोगी हो। इस अवसर पर अनुज मिश्रा, अर्चना, निकेता पांडे ,राहुल राव, जानवी जायसवाल , इंद्रजीत मिश्रा, अंजली मिश्रा ,बीएल सोनी, आकाश केसरवानी ,चंद्रमा तिवारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

मटका डेकोरेशन तथा बांसुरी डिजाइन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे सीख रहे कई तकनीकी ज्ञान

घायल तड़पती महिला को पुहंचया जिला अस्पताल

प्रयागराज। दिल्ली से भटककर आई प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पैर में घायल तड़पती महिला को ट्रीटमेंट के लिए जनहित संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष अभिलाष केसरवानी त्रिवेणी संगम सेवा समिति महिला अध्यक्ष कामिनी गुप्ता ने प्रयागराज जिला अस्पताल में एडमिट कराया,कई दिनों से रामबाग रेलवे स्टेशन में घायल अवस्था में पड़ी महिला को आज जनहित संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष अभिलाष केसरवानी एवं त्रिवेणी संगम की महिला अध्यक्ष कामिनी गुप्ता,जूही सक्सेना, रेखा यादव, पूनम यादव,एवं समाजसेवी कुलदीप चौरसिया,संजीव सक्सेना,सामूहिक टीम गठित कर महिला को ट्रीटमेंट के लिए स्वरूपरानी अस्पताल में एडमिट कराया मरीज महिला अपना नाम संतोष गिरी बेटे का नाम नीरज गिरी दिल्ली जहांगिरी पुरी 17ए ब्लॉक बाबु जगजीवन राम हॉस्पिटल के पास की बता रही है समिति के पदाधिकारी दिल्ली में रह रहे परिवार की सदस्यों से महिला के विषय में जानकारी पता किया जा रहा है, महिला की पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर दिल्ली उनके घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इस खबर की सूचना प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार गुफरान खान ने दिया है।

प्राथमिक शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन 4 को

अखंड भारत संदेश

मेजा। उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ 18 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 सितम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा।इस संबंध में शनिवार को उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मेजारोड में धरने की तैयारी के लिए एक बैठक हुई, जिसमें उपस्थित संघ के जिला कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि बार बार शासन/सरकार से पुरानी पेंशन की मांग, उपार्जित अवकाश, प्रतिकर अवकाश, राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेश चिकित्सीय सुविधा, सभी विद्यालयों में खाली चल रहे प्रधानाध्यापकों के पद को पदोन्नति कर भरने तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग की भांति 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षको को प्रोन्नति वेतनमान दिए जाने स्कूल अवधि के पश्चात कार्य न लिए जाने के , मृतक आश्रित शिक्षको के पाल्य जो टेट पास है उन्हें शिक्षक पद पर नियुक्ति दिए जाने व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति किये जाने जैसे कई समस्याओं के निराकरण के लिए अनुरोध किया गया। परन्तु उस पर कोई कार्यवाही शासन द्वारा नही किया गया। उन्होंने बताया कि अपनी समस्याओं के संज्ञान के लिए 9 जुलाई को बेसिक शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देने के अलावा 27 जुलाई को ब्लॉकों में बैठकर मीडिया के माध्यम से अपनी मांगों को रखा गया। 10 से 15 अगस्त तक स्थानीय विधायको को भी शिक्षक प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर ससमय सरकार से उचित कार्यवाही की अपेक्षा की थी। उन्होंने आगे कहा कि अब जब समस्याओं पर कोई ध्यान किसी भी स्तर से नही दिया गया तो शिक्षक आंदोलन करने पर मजबूर है जिसके तहत 4 सितम्बर को 12 बजे से 3 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे। मंत्री हसीब सिद्दीकी ने सभी शिक्षकों से धरने में उपस्थित होने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से बीके मिश्र,प्रवीण दुबे, रामशंकर पांडेय, कैलाश सिंह,संतोष अहिरवार, सुनील कुमार,संदीप कुमार, शशिप्रकाश, जगदीश प्रसाद, ज्योति दुबे, अस्मिता पाल, सरिता शर्मा, मांडवी दुबे, मिलिन्द कुमार, बैकुंठगिरी, पुष्पराज सिंह,आशीष मिश्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस कुण्डा में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें

छह मामलों का मौके पर किया निस्तारण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 185 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 185 शिकायतों में से 65 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 45, विकास विभाग से 19, समाज कल्याण से 04, शिक्षा से 02, स्वास्थ्य से 01 एवं 49 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी

समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते डीएम व एसपी।

ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो की क्लास लेते हुये स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर अथवा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुये जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुण्डा, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जीपीएस इंटर कालेज में पर्यावरण की वैश्विक समस्याओं पर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जीपीएस इंटर कॉलेज, गोंडे के हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों को पर्यावरण की वैश्विक समस्याओं के प्रति सचेत एवं जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पर्यावरण सुरक्षा के लिए सतत प्रयास रत रहने के कारण राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा पुरस्कार प्राप्त श्लोक मिश्रा ने विद्यार्थियों को निम्नलिखित विषयों के संदर्भ में सारगर्भित जानकारी दी। ओजोन परत के छिद्र, ग्रीनहाउस इफेक्ट, क्लोरो फ्लोरो गैसों के दुष्प्रभाव, कार्बन डाइऑक्साइड का अत्यधिक उत्सर्जन, कॉर्बन फुट प्रिंट की जानकारी को प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी यह समझ सकेंगे कि इन समस्याओं का समाधान करने के लिए वैश्विक स्तर पर जो प्रयास किए जा रहे हैं वे कितने आवश्यक हैं। साथ ही यह भी समझ सकेंगे कि इनके लिए एक जागरूक नागरिक के रूप में वे स्वयं क्या प्रयास कर सकते हैं। श्लोक मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित प्रश्न

वैश्विक समस्याओं पर जानकारी देते श्लोक मिश्रा।

भी पूछे जिन विद्यार्थियों ने इन प्रश्नों का यथोचित जवाब दिया उनको उनके द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

भीषण गर्मी मे बिजली की कटौती से मचा हुआ हाहाकार

दिन व रात मे बिजली कटौती से लोगो मे आक्रोश

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर पावर हाऊस से जुड़े फीडर बाजिदपुर, आलापुर व कालाकांकर मे इन दिनों दिन व रात मे बिजली की रह रहकर कटौती जारी है जिससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह लगभग ढाई घंटे व दोपहर को लगभग चार पांच घंटे की बिजली की कटौती प्रतिदिन की जा रही है जिससे उपभोक्ताओ को दोपहर मे लगातार कटने वाली बिजली से लोग ब्याकुल हो उठते है जिसमे बच्चे बूढ़े सभी परेशान हो जाते है।

युवक की चाकू मारकर हत्या, हड़कंप

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के दिलीपपुर के कोठियाही गांव में शुक्रवार की देर रात मामूली विवाद में 23 वर्षीय अनिल पटेल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह पट्टी के अलीपुर गांव का रहने वाला था और अपने ननिहाल कोठियाही में रह रहा था। कोठियाही निवासी अनिल पटेल शुक्रवार की रात किसी काम से दिलीपपुर बाजार आया था। वहां पुरानी रंजिश की वजह से गांव के ही एक युवक से उसका विवाद होने लगा। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट भी हुई। बाजार के लोगों ने मामला किसी तरह शांत कराया। रात करीब दस बजे अनिल अपने घर पहुंचा, तभी आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ उसके पम्पिंग सेट पर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगा। इस पर अनिल ने विरोध किया तो उसे चाकू से हमला कर दिया। चीख-पुखार सुनकर परिजन दौडे. और लहूलुहान अनिल को उपचार के लिये मेडिकल कालेज ले गये, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सुनील पटेल ने पुलिस को तहरीर दी है। पिता जगतपाल किसान हैं। इस बारे में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मामूली विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या की गई है।

रेल पटरी से उतरी डीएमटी, लगा जाम, मालगोदाम रेलवे क्रासिंग पर हुई दुर्घटना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भंगवा चुंगी से मालगोदाम रोड पर बनी रेलवे फटकी पर शनिवार को दोपहर गिट्टी लोड डीएमटी (मालगाड़ी) ट्रेन डिरेलमेंट का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में उसके चार पहिए पटरी से उतर गए। इससे फाटक पर जाम लग गया। सिग्नल प्वाइंट की खराबी के कारण ट्रेनों के संचालन पर भी इसका असर देखा गया।

बताया जाता है कि दोपहर करीब पौने तीन बजे गिट्टी लोड डीएमटी ट्रेन को यार्ड में ट्रैक के किनारे किनारे गिट्टी गिराने के इरादे

रेल पटरी से उतरी मालगाड़ी।

से शटिंग के दौरान लाइन नंबर पांच से चार में लाया जा रहा था। तभी ट्रेन पटरी से उतर गई। इस घटना से हड़कंप मच गया। ट्रेन के बाकी हिस्से को दुर्घटनाग्रस्त वैगन से अलग कर आगे बढ़ा दिया गया।

हादसे के बाद फाटक पर लंबा जाम लग गया। जिससे लोगों को

किसी बड़े हादसे का है इंतजार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिस तरह से प्रतापगढ़ में पिछले कई महीने से ट्रेनों का संचालन नियम को ताक पर रख कर किया जा रहा है। जैसे मेल ट्रेन का बगैर प्लेटफॉर्म पर आ जाना, सिग्नल की आंख मिचैली, शटिंग में मालगाड़ी का डिरेलमेंट जिन्हें देखकर लगता है कि रेल प्रशासन सेफ्टी के प्रति गंभीर नहीं हैं। अगर इसी तरह से लापरवाही बरती जाती रही और अफसर चापलूसी सुनते रहे तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है। उस दिन मालगाड़ी और डीएमटी की जगह सवारी गाड़ी हो सकती है।

काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें कि प्रतापगढ़ में डिरेलमेंट रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक महीने पहले ग्यारह जुलाई को भी इसी स्थान पर मालगाड़ी का डिरेलमेंट हुआ था। उसमे दो वैगन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। रेलवे को करीब ढाई लाख की चपत लगी थी। दो रेल कर्मियों के खिलाफ चार्ज शीट की कार्रवाई की गई थी। शनिवार को दुबारा हादसा हुआ। इस बार डीएमटी पटरी से उतरी।

क्या कहते हैं एडीआरएम

प्रतापगढ़। इस बारे में एडीआरएम परिचालन लखनऊ मंडल अश्वनी कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि उन्होंने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जो भी लापरवाह होगा। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी कमिश्नर से मिले व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, व्यापारियों की उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय व प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल एवं वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरी के अनवरत मांग और अथक प्रयास से सरकार द्वारा किसी घटना दुर्घटना में मृत जीएसटी रजिस्टर्ड व्यवसाईयों के परिवार को 10 लाख रुपये सहायतार्थ देना विगत वर्ष से प्रारम्भ हुआ है।

इसी क्रम में किसी दुर्घटना में मृत या विकलांगता पर छोटे व्यवसाईयों के लिए भी 5 लाख रु सहायतार्थ, उनके परिजनों को सरकार द्वारा प्रदान किए जाने की घोषणा के संदर्भ में पूरी जानकारी

डिप्टी कमिश्नर से मिलते व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण।

लेने वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर राम भवन से मिलने व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी एवं अन्य पदाधिकारीगण वाणिज्य कर विभाग पहुंचे। वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर राम भवन ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को बताया कि जिन छोटे व्यवसाईयों का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन नहीं है, वह एसएमआई पोर्टल पर स्वतः रजिस्ट्रेशन करा लें, जिससे कोई घटना दुर्घटना होने पर उनके परिजनों को 5 लाख सहायतार्थ धनराशि सरकार द्वारा जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से सरलता से प्राप्त हो सके। 40 लाख वार्षिक टर्नओवर से कम के छोटे व्यवसायी, जो शून्य जीएसटी के अंतर्गत आते हैं, वह अपना एसएमआई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर योजना का लाभ लें। कंछल के विशेष मांग पर सरकार ने किसी अप्रिय घटना में व्यवसायी के विकलांग होने की अवस्था में भी योजना का लाभ मिलेगा। वाणिज्यकर डिप्टी कमिश्नर ने यह भी बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ पार्टनरशिप व प्रोपराइटरशिप दोनों प्रकार के व्यवसायियों को भी प्राप्त होगा। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने यह भी बताया कि अपने व्यापार मण्डल के रा./प्रा.अध्यक्ष कंछल ने व्यवसाईयों के लिए स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजना अभी सरकार से अनुरोध व मांग कर लागू कराया है। आगे किसी व्यवसाई के प्रतिष्ठान के जलैती अथवा किसी व्यवसाई के साथ धन लूट की घटना होने पर भी सरकार से 10 लाख रुपए सहायता मांग भी प्रस्तावित कर रखी है, जिसे सरकार ने जल्द ही लागू करने का आश्वासन भी दिया है। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी के साथ नारायण खंडेलवाल, सुनील जायसवाल, अरविंद जैन, राहुल गुप्ता व प्रदीप यादव आदि अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। वृद्धाश्रम महुली में रह रहे वृद्धजन के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में डॉक्टर अंजली सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने सभी वृद्धजनों का चेकअप कर दवाइयां दी।

सभी से एक-एक कर वृद्ध माता-पिता को दवाइयां समय से खाने का अनुरोध भी किया। आज वृद्धजनों को दांत दर्द, कमर दर्द, कमजोरी, बुखार, खांसी आदि की दवाइयां प्रदान की गई। कार्यक्रम में सभी डॉक्टर का आभार जताते हुए समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि यहां रह रहे वृद्ध माता-पिता को कोई

स्वास्थ्य षिविर में वृद्धजनों की जांच करत चिकित्सक।

दिक्कत ना हो इसका पूरा ख्याल वृद्धाश्रम रख रहा है अब यह वृद्धाश्रम ना होकर खुशियों का घर बन चुका है। इन वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो और उनका जीवन कैसे सफल हो इसके लिए मैं सदैव पूरी कोशिश करता रहूंगा। इस अवसर पर डॉक्टर अमित पांडे, बृजेंद्र सिंह, राजीव तिवारी, रूपेश सिंह, मानसिंह, धर्मेंद्र कुमार, अतुल सिंह, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, जय राम दादा, शिव बाबू, गयादीन, हीरालाल, लालजी, रामबोध, शीला, अनारकली, प्रभु देवी आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना मे कार टेम्पो की भिड़न्त में चार घायल, तीन रिफर

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरमौली चैराहे पर प्रयागराज से लखनऊ जा रही कार से टेम्पो की आमने सामने भिड़न्त होने से बाइक सवार व साईकिल सवार सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पर एम्बुलेंस चारो घायलों को ऊंचाहार सीएससी ले गई जंहा घायल समशेर पुत्र मातादीन (50) वर्षीय निवासी बाजिदपुर थाना नवाबगंज प्रतापगढ़, अमन कुमार पुत्र जग्गू (42) वर्षीय निवासी पूरे पर्वत अरखा ऊंचाहार, संगमचंद्र पुत्र मुंशी जायसवाल (40) वर्षीय निवासी कुसुवापुर नवाबगंज प्रतापगढ़, अरविंद पुत्र नारायन (22) वर्षीय निवासी गवती सुल्तानपुर घोष फतेहपुर का उपचार करके अमन, संगमचंद्र व अरविंद को जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई सभी अस्पताल पहुंच गये। घटना के बारे में नवाबगंज पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। घटना मे कार सवार लोग सुरक्षित बच गये कार टेम्पो की भिड़न्त मे बाइक सवार व साइकिल सवार चपेट मे आ गये।

सर्वाधिक आवादी वाली 20 ग्राम पंचायतों में बनेंगे अंत्येष्टि स्थल

विभाग ने भूमि के अभिलेख सहित मांगे आवेदन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले की सर्वाधिक आवादी वाली ग्राम पंचायतों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अंत्येष्टि स्थल के निर्माण की कवायद पंचायत राज विभाग की ओर से शुरू की गई है। इसके लिए ज्यादा आवादी वाली ग्राम पंचायतों से सम्भावित भूमि के अभिलेख सहित आवेदन पत्र मांगे गए है। विभाग द्वारा भूमि का सत्यापन राजस्व विभाग से करवाने के बाद अंत्येष्टि स्थल के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। शासन की योजना के तहत जिले की सर्वाधिक आवादी वाली ग्राम पंचायतों में सम्पूर्ण सुबिधाओं से युक्त अंत्येष्टि स्थल का निर्माण होना है। जिसके लिए पंचायत राज विभाग की ओर से आवेदन मांगे गए है। प्रस्ताव के साथ चयनित स्थल के अभिलेख भी देने होगें। जिसके लिए तमाम ग्राम पंचायतों ने अपने प्रस्ताव भी विभाग में जमा कर दिए है, जिसकी जांच पड़ताल के साथ ही राजस्व विभाग से भूमि का सत्यापन भी करवाया जाएगा। राजस्व विभाग की टीम द्वारा भूमि की पैमाइश के बाद अंत्येष्टि स्थल का निर्माण करवाने के लिए धनराशि का आवंटन किया जायेगा। विभाग की माने तो निर्धारित भूमि पर निर्माण से पहले वहां तक पहुचने का रास्ता व बिजली आपूर्ति ब्यवस्था का भी निरीक्षण किया जाएगा। इस सिलसिले में डीपीआरओ आलोक सिन्हा का कहना है कि अंत्येष्टि स्थल के तमाम प्रस्ताव कार्यालय में आ चुके है जिसकी जांच पड़ताल हो रही है अब चिन्हित भूमि के अभिलेख राजस्व विभाग को भेजकर सत्यापित करवाने के बाद ही इसके आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी।

दानिश माबूद बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, कार्यकताओं ने जताई खुशर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद को कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर है। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की तरफ से प्रतापगढ़ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में किए गए बड़े संगठनात्मक फेरबदल के तहत इस आशय का एक पत्र कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शहनवाज आलम की तरफ से जारी किया गया।

सूचना मिलने पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा नवनियुक्त कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद को माला पहनाकर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इसके उपरान्त एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, अंबेडकर चैराहे पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दानिश माबूद को बधाई देता हूं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी की पहल पर

दानिश माबूद का स्वागत करते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

कांग्रेस पार्टी में युवाओं की भागीदारी से प्रतापगढ़ कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी स आज अल्पसंख्यक कैटगरी के लोग कांग्रेस की ओर देख रहे हैं। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने शीर्ष नेतृत्व एवम राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राज्यसभा इमरान प्रतापगढ़ी एवम कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को धन्यवाद देते हुए कहा कि दानिश माबूद कांग्रेस पार्टी में छात्र राजनीति से शुरूवात करके प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन में कुशल कार्य कर चुके है। इनके कार्यो को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर पी.सी.सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, नगर अध्यक्ष इरफान अली, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 वी के सिंह, सेवादल जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मुब्बी माबूद, आशुतोष तिवारी, शाहिद अली, सुहैल अंसारी, मो0 शमा, राकेश कुमार, विश्वास सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

कुंए में गिरे गोवंश को फायरकर्मियों ने निकाला बाहर

पट्टी, प्रतापगढ़। कुएं में गिरे हुए एक गोवंश को हायर कर्मियों ने अपनी सूझबूझ तथा हिम्मत दिखाकर बाहर निकाल लिया इसकी सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दुकरा गांव निवासी रामसूरत सिंह के कुएं में अरविंद सिंह के गाय का बछड़ा गिर गया ग्रामीणों ने काफी निकालने का प्रयास किया जब नहीं निकल सका तो घटना की सूचना फायर कारी को दी गई सूचना मिलते ही फायर कर्मी गांव पहुंचे और कुंए में गिरे गोबंश को बाहर निकाला तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

सपाई की मासिक बैठक में वोटर लिस्ट में नये नामों को शामिल होने की बनी चर्चा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य एजेंडा आगामी लोकसभा चुनाव व वोटर लिस्ट में कटे हुए नाम व नये नामों को सम्मिलित किये जाने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी समाजवादी साथियों को क्षेत्र में जन पंचायत का कार्यक्रम आयोजित कर समाजवादी पार्टी कि सरकार में किये गये कार्यों को जनता के बीच बतायें बढ़ते अपराध लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसी घटनाएं न हो इसके लिए आमजन मानस से अपील करें और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान करें। भाजपा सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है जनता अपने आप को ठंडा महसूस कर रही है। महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इन सभी बातों को लेकर क्षेत्र में जनता के बीच सभी समाजवादी साथियों को जाना होगा और वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के प्रति भी लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर भईया राम पटेल, साबिर अली, अहमद अली, अब्दुल हई, अश्वनी सोनी, इरफान खान, अनिल यादव, मनीष पाल, संतोष यादव, जियाउल इसहाक, विशाल मौर्या, निसार अहमद, समीम खान, डॉ रामबहादुर पटेल, डॉ शेरबहादुर यादव, इमरान खान, उत्तम यादव, अमीरूल हक आदि मौजूद रहे।

मेडिसिटी हास्पिटल मेडिकल कॉलेज की बस ने बाइक सवार को कुचला मौत

अखंड भारत संदेश

हादसे के बाद निर्दयी बस चालक घायल का इलाज करने के बजाय मौके से बस सहित फरार हो गया, मेडिकल कॉलेज संचालक और बस चालक के प्रति लोगो मे जबरदस्त आक्रोश व्याप्त

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के नोहरी का पुरवा गांव के पास अनियंत्रित यूनाइटेड मेडिसिटी हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज रावतपुर की बस ने बाइक सवार को कुचल दिया है जिससे इलाज के दौरान बाइक सवार की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बाइक सवार एयरपोर्ट थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के इंगुआ उर्फ काठ गांव निवासी हाशिम अली पुत्र कुतुब अली शनिवार की सुबह मोटरसाइकिल से चरवा थाना क्षेत्र के रतगहा गांव दवा लेने जा रहा था जैसे ही बाइक सवार हाशिम अली चरवा थाना क्षेत्र के नोहरी का पुरवा के पास पहुंचे अनियंत्रित तेज गति से आ रही यूनाइटेड मेडिसिटी हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज रावतपुर प्रयागराज की बस ने बाइक सवार को कुचल दिया है जिससे बाइक सवार वाहन समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर तरीके से लहू लुहान हो गया हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई घायल को एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए चायल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी घायल की मौत हो गई हादसे के बाद निर्दयी बस चालक घायल का इलाज करने के बजाय मौके से बस सहित फरार हो गया है जिससे लोगों में मेडिकल कॉलेज संचालक और बस चालक के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन रोते बिलखते स्थल पर पहुंच गए हैं।

तेज रफ़्तार बाइक की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत

हादसे में बाइक सवार भी गम्भीर घायल अस्पताल में चल रहा इलाज

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के चायल पुलिस चौकी अन्तर्गत मोहम्मदपुर गांव के पास तेज रफ़्तार बाइक सवार और साइकिल सवार में जोरदार टक्कर हो गई है इस हादसे में बाइक सवार और साइकिल सवार दोनों घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है इलाज के दौरान शनिवार की सुबह साइकिल सवाई अधेड़ की मौत हो गई घटना शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे की है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मोहम्मद पुर निवासी धर्मपाल उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र स्व बुदुल पासी शुक्रवार की शाम को साइकिल से रोड़ क्रॉस कर घर जा रहे थे इसी बीच कदिलपुर निवासी बाइक सवार मनौरी से चायल की ओर जा रहे थे मोहम्मद पुर गांव के पास बाइक और साइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी हादसे में बाइक और साइकिल सवार दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने घटना को देखा तो मौके पर पहुंचे बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया मामले की सूचना पुलिस को दिया घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया मामले की जानकारी मिलती ही घायलों के परिजन भी पहुंच गए इलाज के दौरान शनिवार सुबह साइकिल सवार धर्मपाल की मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है की बाइक सवार पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर के रहने वाले हैं और एक बाइक सवार की हालत गंभीर है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

संदीपन घाट पर तीन दिन पहले गंगा में डूबे एक किशोर का मिला शव

अखंड भारत संदेश

दूसरे किशोर का अभी नही मिला सका शव

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के संदीपन घाट पर करारी थाना क्षेत्र के दो किशोर दोस्त बुधवार को गंगा नहाने आए हुए थे,गंगा नहाने के दौरान दोनो दोस्त अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए,गंगा नहा रहे और लोगो ने उन्हें डूबते देखा तो शोर मचाया,शोर सुनकर स्थानीय लोग गंगा में कूद गए लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। ग्रामीणों की सूचना पर कोखराज थाना पुलिस पहुंची और स्थानीय गोताखोरो की मदद से उन्हे खोजने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी,जिसके बाद घाट पर डीएम सुजीत कुमार और एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव भी पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर दोनो को खोजने के निर्देश दिए।कोखराज थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम की दो दिन की कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार को प्रयागराज जनपद के जहानाबाद गंगा घाट से एक किशोर का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस टीम के बरामद शव की शिनाख्त के लिए दोनो किशोर के परिजनों को बुलाया गया जिसके बाद बहन ने शव की शिनाख्त अपने भाई सुनील के रूप के की है।सुनील की बहन ने बताया कि उसके भाई के हाथ में ॐ का टैटू बना हुआ था,जिससे उसकी शिनाख्त हो गई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

तहसील दिवस की स्थिति खराब शिकायतें हुई 133 निस्तारित हुई 11

तहसील दिवस मंझनपुर में डीएम एसपी ने सुनी जनशिकायतें, बैठी जनता के सामने सीएम खड़े होकर करते हैं सुनवाई लेकिन यहां तो है उसके उल्टा फरियादियों को नहीं मिलती बैठने की व्यवस्था

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की जनता दर्शन आई0जी0आर0एस0, तहसील दिवस एवं जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय, शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। उन्हांने सभी अधिकारियों को आई0जी0आर0एस0 प्रोफाइल अपडेट करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रानी देवी निवासिनी रामपुर बसोहरा वार्ड नं0-13 अटल बिहारी वाजपेयी नगर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि पात्र होने के बावजूद भी उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची से काट दिया गया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने पी0ओ0 डूंडा को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार केशन लाल, निवासी ग्राम-हिसामबाद ने प्रार्थना देते हुए अपनी दिव्यांग पुत्री को दिव्यांगता पेंशन एवं ट्राई साइकिल दिये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। शिकायतकर्ता शजिय बेगम निवासिनी-कृष्ण नगर, करारी ने प्रार्थना पत्र देते हुए भूमिधरी पर बतौर वारिस नाम दर्ज कराये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0/नायब तहसीलदार को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। तहसील सिराथू में कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

अनियंत्रित स्कूलीवैन रोडवेज से भिड़ी दर्जनों स्कूली बच्चे घायल

गंभीर हालत में घायल दो छात्रों को इलाज के लिए भेजा गया जिला अस्पताल, स्कूल वैन चालक की बड़ी लापरवाही से हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। संदीपनघाट थाना क्षेत्र के सकाड़ा के पास स्कूली बच्चों को घर छोड़ने जा रही अनियंत्रित तेज रफ्तार स्कूलीबैन रोडवेज बस से टकरा गई है जिससे स्कूली बैन में सवार दर्जनों बच्चे घायल हो गए हैं मौके पर चीख पुकार मच गई है हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है और घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है दो बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है हादसे के बाद रोडवेज बस चालक बस लेकर मौके से फरार होने लगा जिसका पीछा कर ग्रामीणों ने रोडवेज बस को रोक लिया है घटना की जानकारी मिलते ही स्कूली बच्चों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं जिनमें जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है सूचना पाकर घटनास्थल पर भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को दोपहर बाद उर्मिला विजय इंटर कॉलेज की वैन बच्चो को वापस घर छोड़ने जा रही थी स्कूली वैन विपरीत दिशा में जा रही थी अपने बाएं साइड से आ रही रोडवेज बस में स्कूली बैन जोरदार टक्कर के साथ टकरा गई टक्कर लगते ही स्कूली वैन के अंदर चीख पुकार मच गई हादसा देखकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों को बैन से बाहर निकाला मामले की सूचना पुलिस को दी गई एंबुलेंस के जरिए घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया दो बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है इस हादसे में स्कूली बैंन के चालक की घोर लापरवाही उजागर हुई है। इस हादसे में मो गौस(12) पुत्र शकीलबुल हसन, अब्दुल अहमद(13) पुत्र कुतुबउद्दीन सहित दर्जन भर अन्य बच्चे घायल हुए है,वही दो बच्चो की हालत नाजुक बताई जा रही है बताया जाता है कि फतेहपुर जनपद की रोडवेज बस संख्या यूपी 71 टी 7484 कानपुर की तरफ से प्रयागराज की तरफ जा रही थी अचानक उल्टी दिशा से स्कूल वैन का चालक तेज रफ्तार से घुस आया जब तक रोडवेज बस चालक कुछ समझ पाता स्कूल बैन ने रोडवेज बस को जोरदार टक्कर मार दी जिससे स्कूली बच्चे घायल हो गए हैं मामले में स्कूल बैन चालक की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है यह तो संयोग अच्छा था कि कोई बड़ी घटना होने से बच गई घटना के बाद बस चालक मौके से फरार होने लगा ग्रामीणों ने काफी दूर तक बस का पीछा करने के बाद रोडवेज बस को रोक ली है खबर लिखे जाने तक स्कूल बैन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर हवालात में नहीं डाला है।

न्यूज झरोखा

राजस्थान सरकार द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा बिल पारित किए जाने पर कौशाम्बी के अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

कौशाम्बी। राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा बिल पारित किए जाने पर मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कौशाम्बी के अध्यक्ष राकेश जायसवाल महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष रामसागर द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मान सिंह, उपाध्यक्ष कौशलेश द्विवेदी, जितेंद्र मालवीय, संयुक्त मंत्री सूर्यप्रकाश द्विवेदी, संजय तिवारी, विकाश यादव, वरिष्ठ सदस्य मक्खन लाल मिश्रा, पवन कुमार त्रिपाठी, शमशाद हुसैन, अंकित गुप्ता सहित पूर्व अध्यक्ष नरनारायण मिश्रा, देवशरण त्रिपाठी, मनुदेव त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री अजय पांडेय, तुषार तिवारी ने राजस्थान सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया तथा उत्तर प्रदेश सरकार से भी अधिवक्ता सुरक्षा बिल लागू करने की मांग की जिससे उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता भी अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके।

नेवादा ब्लॉक में समय से नहीं पहुंचते अधिकारी फरियादी परेशान

कौशांबी। नेवादा ब्लॉक में समय से अधिकारी नहीं पहुंचते है चाहे ग्राम पंचायत अधिकारी हो या अन्य कर्मचारी, 10:30 बजे तक एक भी ग्राम पंचायत सचिव के कमरों का ताला नहीं खुला वही बात करें तो न ही बीडीओ न ही एडीओ पंचायत, समाज कल्याण, व एपीओ मनरेगा मौके पर मौजूद नहीं है सिर्फ कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार के अलावा एक भी कर्मचारी ब्लाक में मौजूद नहीं है ब्लॉक में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थित बेहद खराब है अधिकारियों कर्मचारियों के ना उपस्थित होने से गांव क्षेत्र से आने वाली आम जनमानस को दिक्कतों से जूझना पड़ता है और दूर दराज गांवों से समस्याओं के समाधान की उम्मीद से ब्लॉक पहुंचने वाले ग्रामीण जनता की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है ग्रामीण जनता ने मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए नेवादा ब्लॉक के लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्यवाही कर व्यवस्था सुधारने जाने की मांग की है।

सीनियर एवं जूनियर वर्ग दोनों में नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी विजेता रही

भरवारी कौशाम्बी। चल संभाग सीनियर एवं जूनियर हैंडबॉल का आयोजन शनिवार को नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम सीनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग दोनों में नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी विजेता रही जूनियर वर्ग में मानसिंह इंटर कॉलेज सिकंदरपुर बजहा उपविजेता रही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय कुमार भारती भुवनेश्वर कुमार तिवारी विनोद मिश्रा श्रीमती माया तिवारी अरुण कुमार द्विवेदी करुणेश कुमार त्रिपाठी चंद्रकांत शुक्ला गंगा प्रसाद संतोष यादव संजय कुमार चौधरी अवधेश कुमार राजेश कुमार यादव राजेश अस्थाना बालमुकुंद त्रिपाठी अतुल कुमार मिश्रा भारत लाल शर्मा लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अर्जुन लाल सुनील यादव यशपाल यादव वरुण शंकर मिश्रा एवं अशोक कुमार पांडेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

हापुड़ : अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना पर उबले अधिवक्ता

कोखराज कौशाम्बी। हापुड़ जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे निर्दोष अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में सिराथू तहसील के अधिवक्ताओं ने आक्रोश प्रकट करते हुए ज्ञापन सौपा है अधिवक्ताओं ने कहा कि अत्याचार अन्याय नहीं बर्दाश्त किया जाएगा अधिवक्ता साथियों पर अत्याचार करने वाले दोषियों को दंड दिलाया जाएगा अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं को न्याय नहीं मिलता उनके ऊपर लाठी चार्ज कराने वाले पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी पर मुकदमा दर्ज कर उनको सरकार बर्खास्त नहीं करती तब तक अधिवक्ता चुप नहीं बैठेंगे आंदोलन जारी रहेगा कार्य बहिष्कार होगा। हापुड़ जनपद के निर्दोष अधिवक्ताओं के ऊपर लाठी चार्ज किए जाने की घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी न्याय ना होने की स्थिति में आक्रोशित अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की है एसडीएम व सीओ सिराथू को तहसील के अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौपा है इस मौके पर अध्यक्ष शिवसेवक अग्रहरि पूर्व अध्यक्ष बसन्त सिंह बालेन्दु धर द्विवेदी वकील गोपाल त्रिपाठी हेमंत जौहरी सहित तमाम अधिवक्ता आंदोलन में शामिल रहे।

सिटी स्कैन सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय के सिटी स्कैन सेंटर में शनिवार को दोपहर अचानक आग लग गई देखते-देखते लपटे उठने लगी आग लगते ही अस्पताल परिसर में भगदड़ मच गई लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने पानी की बौछार डालकर आग पर काबू पाया है इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है सीटी स्कैन सेंटर में आग लगने की घटना के बाद जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं आखिर कितनी घटिया क्वालिटी की विद्युत तार केबिल और विधुत उपकरण से जिला अस्पताल में विधुत वायरिंग कराई गई है जिससे जिला अस्पताल में विद्युत शार्ट सर्किट होने लगता है।

आबकारी प्रवर्तन और पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर 40 लीटर बरामद किया शराब

शराब बनाने के उपकरण यूरिया महुआ आदि सामान मौके से बरामद

कड़ा कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना पुलिस ने आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन और आबकारी निरीक्षक के सहयोग से थाना क्षेत्र के हब्बू नगर और सौरई बुजुर्ग गांव में दो घरों में छापा मार कर 40 लीटर शराब और शराब बनाने के उपकरण महुआ यूरिया आदि बरामद किया है मौके से पुलिस ने दंपति सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है शराब भट्टी संचालन के आरोप में चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अदालत में पेश किया है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के हब्बू नगर में आशा देवी पत्नी शिवलाल वा सुशीला देवी पत्नी रामलाल शराब की अवैध भट्टी संचालन में लिप्त थी आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन प्रयागराज को जानकारी मिली जिस पर आबकारी प्रवर्तन की टीम कड़ा धाम थाना क्षेत्र पहुंची और थाना पुलिस के सहयोग से भट्टी संचालकों के घर आबकारी टीम पहुंच गई जहां मौके पर 20 लीटर शराब और शराब बनाने के उपकरण मिले हैं इसके बाद आबकारी निरीक्षक थाना कड़ा धाम पुलिस के साथ सौरई बुजुर्ग गांव पहुंची जहां महेश कुमार के घर शराब बनाई जा रही थी पुलिस ने मौके से महेश कुमार व उसकी पत्नी राजकुमारी को गिरफ्तार कर लिया है टीम ने 20 लीटर शराब यूरिया आदि बरामद किया है लिखा पढ़ी कर पुलिस ने चारो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

हिनौता मोड़ से बालक गायब

कौशांबी। महेवा घाट थाना क्षेत्र के हिनौता मोड़ से 1 सितंबर की दोपहर को एक बालक रहस्य मय परिस्थितियों में गायब हो गया है बालक के गायब होने की जानकारी मिलने के बाद परिजन परेशान हो गए हैं संभावित स्थानों पर बालक की खोजबीन की गई है लेकिन तमाम प्रयास के बाद भी बालक की जानकारी नहीं मिल सकी है मामले की सूचना बालक के परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दिया है। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के धाता थाना अंतर्गत बम्हरौली गांव निवासी अंशुमान सिंह उर्फ प्रिंस उम्र 17 वर्ष पुत्र वीरेश सिंह 1 सितंबर को हिनौता मोड पर आए थे उसके बाद वह अचानक गायब हो गए हैं घर वापस न पहुँचने पर परिजन परेशान हो गए हैं गायब बालक की काफी खोजबीन की गई है लेकिन गायब बालक का सुराग दूसरे दिन भी नहीं लग सका है।

पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले भैंस चोरों को एक माह बाद भी नहीं खोज पाई चरवा पुलिस

अखंड भारत संदेश

भैंस चोरी कर भाग रहे टवेरा सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी के ऊपर झोंका था फायर

कौशाम्बी। तीन अगस्त की रात चरवा पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई थी। दोनों तरफ से फायरिंग हुई लेकिन किसी को गोली नहीं लगी। गलीमत यह रही कि मुठभेड़ के दौरान चरवा पुलिस के जवान बाल - बाल बच गए थे। पुलिस पार्टी पर फायर झोंकने में शामिल एक बदमाश को मौके से पुलिस के जवानों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और बाकी बदमाश फरार होने में सफल हो गए थे। पकड़े गए बदमाश से चरवा पुलिस ने पूछ - ताछ करने के बाद जेल भेज दिया। तमाम अहम सुराग भी मिले लेकिन उसके बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। एक बदमाश को जेल भेजने के बाद चरवा पुलिस शांत बैठ गई है। तीन अगस्त की रात भैंस चोरी कर भाग रहे टवेरा सवार बदमाशों के बारे में चरवा पुलिस को जैसे ही जानकारी हुई वैसे ही सतर्क हो गई। सूचना मिलते ही चरवा पुलिस बैरिकेडिंग कर बदमाशों को चारों तरफ से घेर लिया था। पुलिस से घिरता हुआ देख टवेरा सवार बदमाशों ने चरवा पुलिस के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया। बदमाशों के तमंचे से निकली गोली पुलिस जीप के बोनट में जा धसी और पुलिस के जवान बाल - बाल बच गए थे। अत्याधुनिक असलहों से लैश चरवा पुलिस के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन पुलिस पार्टी के ऊपर हमला के दौरान पुलिस का अचूक निशाना काम नहीं आया। पुलिस पार्टी पर फायर झोंकते हुए बदमाश लाल टवेरा गाड़ी यूपी 70 ए 00629 और चोरी की गई भैंस को छोड़कर भाग निकले। मौके से भाग रहे एक बदमाश को पुलिस के जवानों ने धर दबोचा और जेल भेज दिया। चरवा पुलिस एक माह के बाद भी पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने में शामिल अन्य बदमाश और टवेरा गाड़ी मालिक तक नही पहुंच पाई है जिससे चरवा पुलिस की कार्यशैली पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं।

सीओ कार्यालय से वापस लौट रहे युवक को ससुराली जनों ने बेरहमी से पीटा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव निवासी गोरेलाल उर्फ.अनिल कुमार पुत्र शंकर लाल का अपनी पत्नी पूजा यादव से विवाद चल रहा है पूर्व में चरवा पुलिस ने 02 अगस्त को गोरेलाल को 107-- 16 शांति भंग में पाबंद कर उप जिला अधिकारी चायल की अदालत में पेश करने के लिए अपने हिरासत में लिया था पुलिस हिरासत में मौजूद गोरेलाल के घर में उसकी पत्नी अपने भाई और बहनोई के साथ पहुंची और गोरेलाल की मां को मारपीट कर बक्से का ताला तोड़कर घर से जेवर नगदी लूट ले गई थी इस मामले की शिकायत गोरेलाल ने थाना चरवा पुलिस से लेकर पुलिस अधीक्षक तक से की थी इसी मामले के बयान के लिए गोरेलाल को सीओ कार्यालय चायल में 31 अगस्त को बुलाया गया था बयान देने के बाद सीओ कार्यालय में समझौते की बात होने लगी जिस पर गोरेलाल ने समझौते से इनकार कर दिया जैसे ही सीओ कार्यालय से गोरेलाल बाहर निकला कुछ दूर पहुंचा था कि उसकी पत्नी अपने भाई-बहनोई वह अन्य लोगों के साथ गोरेलाल को रोक लिया गाली-गलौज करते हुए मारने पीटने लगे आरोप है कि उसके पास मौजूद मोबाइल और रुपए भी छीन लिए गए हैं इसी बीच मौके पर गोरेलाल की मां पहुंच गयी उसके पास साथ भी गाली गलौज और मारपीट की गई है गोरेलाल का कहना है कि उसकी मां से भी लॉकेट व अन्य सामान छीन लिया गया है चौकी पुलिस को तहरीर दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

आकांक्षात्मक विकास खण्ड की निर्धारित इण्डीकेटर्स के प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

इण्डीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा तहसील सभागार मंझनपुर में आकांक्षात्मक विकास खण्ड मंझनपुर एवं कौशाम्बी की निर्धारित इण्डीकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की बैठक में जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक विकास खण्ड मंझनपुर एवं कौशाम्बी के इण्डीकेटर्स की समीक्षा के दौरान बाल विकास व पुष्टाहार, पशुपालन, स्वास्थ्य एवं ऊर्जा विभाग के इण्डीकेटर्स की प्रगति काफी कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों-सीडीपीओ, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर व कनैली मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं अधिशासी अभियंता विद्युत से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को इण्डीकेटर्स में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रगति न पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेंगी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं परियोजना निदेशक डीसी मनरेगा मनोज वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

संपादक की कलम से

जीवंत लोकतंत्र के लिए जरूरी है एक देश एक चुनाव

अब जबकि पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक देश एक चुनाव पर विचार हेतु केंद्र सरकार ने एक समिति बना दी गई है, तब यह मुद्दा बहुत विचारणीय हो गया है। स्वस्थ, टिकाऊ और विकसित लोकतंत्र वही होता है, जिसमें विविधता के लिए भरपूर जगह होती है, लेकिन विरोधाभास नहीं होते। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भविष्योन्मुखी दृष्टि वाले नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत धीरे-धीरे इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। एक देश-एक टैक्स की सफलता ने इस बात को सही साबित किया है। अब तक देश के लगभग एक तिहाई राज्यों में लागू हो चुके एक नेशन-एक राशन कार्यक्रम के ऐसे ही सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इसी प्रकार, एक देश-एक कानून (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू किए जाने के विचार को भी जनता के एक विशाल वर्ग का अपार समर्थन मिल रहा है। एक देश-एक चुनाव लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने का एक नीतिगत उपक्रम है। इसे समझने के लिए हमें चुनाव की प्रक्रिया को समझना होगा। हमारे देश में केंद्र और सभी राज्यों में, केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर, जनता द्वारा चुनी हुई सरकारें कार्य करती हैं। इनका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। ये कार्यकाल, किसी भी महीने पूरा हो सकता है। जब किसी निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो जाता है, तो उस राज्य में अथवा केंद्र में एक निर्धारित अवधि के अंदर नए चुनाव कराना आवश्यक होता है, ताकि वहां नई सरकार गठित की जा सके और देश और उस प्रदेश का काम फिर से सुचारू ढंग से चलना सुनिश्चित किया जा सके। चुनावों की प्रक्रिया को निर्बाध व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए, काफी बड़े तंत्र व खर्च की आवश्यकता होती है। जितने ज्यादा चुनाव, उतनी ही ज्यादा व्यवस्था। 2023 को ही लें । इस साल राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मूझकश्मीर, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम समेत देश के दस राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें कितने समय, धन और व्यवस्था की जरूरत पड़ेगी, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। ऊपर से, इन चुनावों के खत्म होते-होते लोकसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू हो जाएगी। अब सोचिए कि अगर इन राज्यों के और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था की जा सके तो कितना देश का कितना समय और धन बचेगा। आज अगर हम देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें, तो पायेंगे कि हर वर्ष देश को कोई न कोई हिस्सा चुनावमय बना रहता है। लेकिन, शुरूआत में ऐसा नहीं था। देश के पहले आम चुनावों से लेकर अगले पंद्रह सालों तक, 1952,1957, 1962, 1967 में चार बार लोकसभा चुनाव हुए और हर बार राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी इनके साथ-साथ ही करवाए गए। लेकिन, जब 1968-69 में अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों की विधानसभाएं उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले ही भंग कर दी गईं, तो यह सिलसिला बाधित हो गया। यहां तक कि पहली बार लोकसभा चुनाव भी समय से पहले ही करवा लिए गए। चौथी लोकसभा का कार्यकाल 1972 तक था, लेकिन आम चुनाव इसके पूरा होने से पहले ही 1971 में करा लिए गए।इससे समझा जा सकता है कि अगर राज्यों के विधानसभा चुनाव और आम चुनाव एक साथ आयोजित कराने की बात की जा रही है तो इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है, जिस पर आपत्ति की जानी चाहिए। लेकिन, जब भी केंद्र में सत्तासीन एनडीए सरकार, एक बार फिर इस व्यवस्था की बहाली की बात करती है तो विपक्ष इस तरह मुखर हो उठता है कि जैसे उसे किसी भी हाल में यह नहीं होने देना है। भाजपा विरोधी कुछ दल इसे भाजपा का सत्ता का केंद्रीकरण करने की योजना कहकर इसका विरोध जारी रखे हैं, जबकि सच तो यह है कि एक देश, एक चुनाव की अवधारणा काफी पुरानी है।

राजस्थान में महिलाओं पर बढ़ती हिंसा का जवाबदार कौन

अशोक भाटिया

हाल ही में राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति ने ही गांव वालों के सामने महिला को 1 किमी तक दौड़ाया। घटना 31 अगस्त की है। शुक्रवार को वीडियो वायरल होने के बाद मामले का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार, शादी के छह महीने बाद महिला पड़ोस के गांव ऊपला कोटा के एक युवक के साथ चली गई थी। महिला साल भर बाद 30 अगस्त को जब युवक के साथ वापस लौटी, तो उसके ससुराल वाले उसे जबरन अपने गांव पहाड़ा ले आए।

इसके बाद पति ने गांव वालों के सामने ही उसके कपड़े उतारे और निर्वस्त्र कर घुमाया। जो वीडियो वायरल हुआ, उसमें वह जोर-जोर से चीख रही है और छोड़ देने की गुहार लगा रही है। इस दौरान गांव के कई लोग सिर्फ देखते रहे और वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने पति को नहीं रोका। महिला छह महीने की गर्भवती है।अभी तक के समाचारों के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हस्तक्षेप के बाद पुलिसिया कार्यवाही चालू है व नामजद अपराधियों को पकड़ा भी गया है पर सवाल यह उठता है कि वहशी दरिंदों को ऐसी दरिंदगी करने की हिम्मत कहाँ से आती है । हाल के कुछ दिनों की घटनाओं पर गौर करें तो राजस्थान में दिनों झ्र दिन दिल को दहलाने वाली घटनाए घटती रहती है जिन्हें देख या सुन कर किसी भी सभ्य का दिल दहक सकता है । घटनाए कई है पर कुछ एक का वर्णनन जरुरी है जैसे क्या कोई कल्पना कर सकता है कि एक बच्ची को सामूहिक बलात्कार के बाद कोयला भट्टी में जला दिया जाए और मीडिया में, स्त्री विमर्श में सन्नाटा बना रहे इस कदर सन्नाटा उन लेखकों के की बोर्ड में सहम कर बैठ जाए कि वह कुछ कह ही न पाएं। उनके पास विरोध के स्वर ही न रहें। इस कदर मौन धारण है कि जैसे कुछ हुआ ही नहीं। और वास्तव में उन लोगों के लिए तब तक कुछ नहीं होता है, जब तक आरोपी राज्य की सरकार उनके अपने एजेंडे वाली सरकार हो ।दिल को दहला देने वाली यह घटना हुई थी कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में, जहां पर अभी हाल ही में मणिपुर में हुई घटनाओं के आधार पर मणिपुर में महिला सुरक्षा को लेकर केंद्र और मणिपुर राज्य सरकार की आलोचना हुई थी। और जब उन्हीं के मंत्री ने यह याद दिलाया था कि महिला सुरक्षा पर तो दरअसल राजस्थान को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए तो उन्हें ही बर्खास्त कर दिया गया। सत्य की जीत कहने वाले कांग्रेस के नेताओं को सत्य ऐसा चुभा कि राजेन्द्र गुढ़ा मंत्रिमंडल से ही हटा दिया। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा था कि राजस्थान महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों में सबसे ऊपर है। परन्तु राजस्थान की सरकार को यह सत्य बहुत चुभा था। फिर भी उसके बाद कई घटनाएं ऐसी हुईं जिन्होनें राजेन्द्र गुढ़ा की दावे पर अपनी दावे पर अपनी मोहर लगाई।

और जो घटना प्रकाश में आई , वह भयानक है। वह वीभत्स भी है। वह ऐसी है जो हर कल्पना और हर शब्दों से परे है। इस घटना में एक चौदह वर्षीय बच्ची का सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर जब यह लगा कि आरोपियों की पोल खुल जाएगी तो उन्होंने उसे जिंदा ही कोयले की भट्टी में डाल दिया। ह

ह घटना इसलिए और भयावह है कि इसमें आरोपियों की पत्नियों ने ही उस बच्ची को जिंदा भट्टी में डाल दिया। इस घटना में बताया जा रहा है कि इस बच्ची पर आरोपियों की नजर पिछले 2 महीनों से थी और वह मौका तलाश रहे थे। घटना वाले दिन जब उन्होंने उस बच्ची को अकेले मवेशी चराते हुए देखा तो उसे पकड़ लिया और उसके साथ बलात्कर किया । दोपहर में उसे बेहोश किया और जब उन्हें पता चल गया कि अब वह नहीं बचेंगे तो फिर उसे ठिकाने लगाने के लिए उनकी बीवीयां भी आगे आईं और उन्होंने ही भट्टी का दरवाजा खोलकर उस बच्ची को फेंक दिया। अधजला शव टुकड़े टुकड़े बरामद हुआ। यह घटना दिल को दहलाती है। राजस्थान में एक और ऐसी घटना हाल ही में हुई है, जो महिलाओं की आजादी और सुरक्षा पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिह्न लगाती है। परन्तु दुर्भाग्य से यह घटना तो एकदम ही विमर्श से बाहर रह गयी। इस घटना में कहा जा रहा है कि एक मुस्लिम महिला ने अपने घर के बाहर भाजपा का नाम लिखना और उसका चुनाव चिह्न लगाना भारी पड़ गया और भीड़ ने उसके घर पर हमला कर दिया। पहले घर का मुख्य दरवाजा खोला और फिर ऊपरी मंजिल पर बने कमरे का दरवाजा खोला और घसीट कर बाहर ले गयी और फिरकीचड़ में फेंककर लात घूंसों से मारा! परन्तु मणिपुर की घटना पर भाजपा को घेरने वाले या हमेशा सत्ता के विपक्ष में रहने का दावा करने वाले एक भी कथित रचनाकार ने इस घटना पर मुंह नहीं खोला है, वैसे भी भाजपा समर्थक महिलाओं के साथ की गयी हिंसा इनके लिए हिंसा नहीं होती है। यह याद रखा जाना चाहिए कि जब नुपुर शर्मा के खिलाफ सर तन से जुदा के नारे लग रहे थे, उस समय यह कथित महिला विमर्श करने वाले लोग कुछ भी नहीं बोले थे। उनके लिए बंगाल की वह एक भी महिला पीड़ित नहीं है, जो तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा चुनावी हिंसा का शिकार हुई थीं। उनके लिए किसी भी उस महिला की पीड़ा पीड़ा नहीं है जो उनके एजेंडे में नहीं आती है।

एक बात और राजस्थान की। जहां पर एक पंद्रह वर्ष की बच्ची के साथ बाड़मेर में बलात्कार होता है और बलात्कार के बाद राणा खान उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी कर देता है। जब बच्ची के माता-पिता इसे देखते हैं तो चौंक जाते हैं और फिर बच्ची के द्वारा यह बताया जाता है कि राणा खान ने उसके साथ बलात्कार किया था। यह घटना भी अधिक पुरानी नहीं है, तभी की है, जब पूरे देश में मणिपुर के बहाने महिला सुरक्षा की बात की जा रही है।

परन्तु इन घटनाओं पर बात नहीं होती। विमर्श नहीं होता। यहाँ तक कि राजस्थान के रचनाकार भी इन घटनाओं पर चुप रहते हैं। चुप रहने का सिलसिला 18 जुलाई को तो टूट ही नहीं सकता था जब यह समाचार आया था कि जोधपुर के एक स्कूल में एक चपरासी ने 7 साल की बच्ची के साथ लगभग 6 महीने तक बलात्कार किया था। ये हाल ही के मामले हैं। मगर ये मामले यहां पर थमते नहीं हैं। स्वयं को विमर्श का ठेकदार बताए जाने वालों की सोशल मीडिया पर इन घटनाओं पर चुप्पी साध लेते है । यह बात कहीं न कहीं परेशान करती है कि आखिर क्या बात है कि पीड़ा को दलीय समर्थन के आधार पर आंका जा रहा है आखिर क्या कारण है कि जिन दलों का कथित निष्पक्ष लोग समर्थन करते हैं, उनके नेताओं के शासन वाले राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर सभी बुद्धिजीवी मौन रहते हैं ऐसा क्यों है

क्या हिन्दी का कथित प्रगतिशील वर्ग जो स्वयं को मात्र भाजपा विरोध या कहें हिन्दू विरोध की क्रान्ति तक सीमित रखता है , वह बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर मौन रहता है, बिहार में उसे दिखता नहीं है और राजस्थान में तो भट्टी वाली घटना पर मौन रहना ही सारी कहानी बयान कर रहा है! राजस्थान की महिलाओं का दर्द राजेन्द्र गुढ़ा को दिख सकता है, जब उनकी ही अपनी सरकार उन पर हमलावर हो गयी है तो कथित निष्पक्षता के ठेकेदारों की देहरी पर दर्द क्यों नहीं पहुंच रहा या कहा जाए कि उन्होंने अपने दरवाजे बंद कर रखे हैं गैर भाजपा शासित राज्य की महिलाओं के प्रति काश कि यह दायरे कथित निष्पक्षता में न होते, काश कि वह लोग उन महिलाओं की पीड़ा विमर्श में लाते, जो दिनों दिन दम तोड़ रही हैं! परन्तु यह काश काश ही बन कर रह जाएगा, यही प्रतीत होता है।

चांद पर शिवशक्ति पाइंट : राजनीति का अंतरिक्ष

अमन नम्र

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे।

वर्ष 2000 में एक फिल्म आई थी 'रिफ्यूजी।' करीना कपूर और अभिषेक बच्चन के कॅरिअर की यह पहली फिल्म थी। इसमें जावेद अख्तर का लिखा एक गीत था,

'पंछी नदिया पवन के झोंके,
कोई सरहद ना इन्हें रोके
सरहदें इन्सानों के लिए हैं
सोचो तुमने और मैंने क्या पाया इन्सां हो के।'

इस गीत के लिए जावेद अख्तर को 'फिल्म फेयर अवॉर्ड' भी मिला था। आप सोच रहे होंगे कि इस जानकारी का भला इस लेख से क्या तालमेल है। दरअसल जावेद अख्तर को पंछी, नदिया, पवन के साथ राजनीति भी जोड़नी थी, तो ये लाइनें ऐसी बनतीं-'पंछी, नदिया, राजनीति, पवन के झोंके, कोई सरहद ना इन्हें रोके।

आज तो यही बात चरितार्थ हो रही है। अब राजनीति प्रदेश, देश और धरती की सीमा पार कर चांद तक पहुंच चुकी है। इसका ताजा उदाहरण है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद उस प्वाइंट को 'शिवशक्ति' नाम देना। आपका सवाल हो सकता है कि भला इसमें क्या राजनीति हो सकती है। यह तो वैज्ञानिकों और देश के सम्मान के लिए एक प्रतीक के तौर पर दिया गया नाम है। इससे पहले भी 2008 में जब भारत ने पहली बार चांद पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी तो उसे 'जवाहर पॉइंट' नाम दिया गया था। जाहिर है, तब कांग्रेस की मनमोहन सरकार थी, ऐसे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नामकरण किया गया।

सवाल है कि क्या 'जवाहर पॉइंट' देशभक्ति थी और 'शिवशक्ति पॉइंट' राजनीति है?

जायज सवाल है, पर इसका जवाब भी इसी सवाल में दे दिया गया है। अगर 'जवाहर पॉइंट' का नामकरण भी राजनीति ही थी तो यह अच्छी राजनीति थी, क्योंकि इसी का नतीजा है कि 15 साल बाद चंद्रयान-3 चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारा गया। तो ऐसे में 'शिवशक्ति पॉइंट' के नामकरण में भला क्या आपत्ति हो सकती है? नहीं होती, अगर यही नाम ऐसे किसी पॉइंट का होता जो मानसरोवर के सामने मौजूद कैलाश पर्वत के किसी राज को खोलने के किसी वैज्ञानिक मिशन के लिए वहां के किसी स्थान के लिए रखा जाता। तब शिवशक्ति के नाम के पीछे की एक जायज वजह होती। कैलाश पर्वत पर वास करने संबंधी भगवान शिव की मान्यता के साथ इस नामकरण पर कोई भी आपत्ति खारिज की जा सकती थी। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 'शिवशक्ति पाइंट' के नामकरण पर तीन आपत्तियां बताई जा सकती हैं। पहली, जिस मिशन के लिए चंद्रयान-3 को वहां भेजा गया था, उसका इस नाम से कुछ लेना-देना नहीं है। दूसरी, 'इसरो' के वैज्ञानिक जिस जिद, जुनून, जज्बे और वैज्ञानिक नजरिए के साथ यह पूरा मिशन संभाल रहे थे, उसमें धर्म वैज्ञानिकों का एक निजी विश्वास जरूर हो सकता है, लेकिन इसे मिशन के दूरदर्शी नतीजों के साथ जबरन जोड़ना कतई फायदेमंद नहीं होगा। उलटे इसके नुकसान जरूर हो सकते हैं।

इस पूरे मिशन में जितने भी वैज्ञानिक जुड़े हैं, जरूरी नहीं कि वे सारे हिंदू हों, होने भी नहीं चाहिए। ऐसे में किसी वैज्ञानिक मिशन से जुड़े ऐसे बेहद अहम पाइंट का नाम धर्म विशेष से क्यों रखा जाना चाहिए? तीसरी आपत्ति यह है कि इस नाम को 'नासाइ या 'ईएसए' (यूरोपियन स्पेस एजेंसी) जैसी अंतरराष्ट्रीय स्पेस एजेंसियों को किस तरह समझाया जाएगा। आखिर किसी को कैसे बताया जाएगा कि चांद की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसकी सतह पर मौजूद रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करने के इस मिशन के बेहद अहम प्वाइंट को केवल हिंदू देवता के नाम पर क्यों रखा गया है? और यह भी कि देश के एक हिंदूवादी संगठन के नेता का यह बयान जब वतन की सीमा पार कर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जगह बनाएगा कि चांद को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए, तब भारत किस मुंह से इस पर सफाई देगा। सच तो यह है ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई न करने की स्थिति में भारत की धर्मनिरपेक्ष देश से, बीते 9 सालों में हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाले देश की छवि और मजबूत होगी। क्या इससे खालिस वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक खोज के लिए बनी 'नासा,' 'ईएसए' जैसी अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थाओं के सामने हमारा मजाक नहीं बनेगा?अब जरा, शिवशक्ति के पीछे की राजनीति समझने की कोशिश करते हैं। अगर केंद्र सरकार का इरादा वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मिशन को बढ़ावा देने का होता तो वह 'इसरो' जैसी संस्थाओं का बजट बढ़ाता, लेकिन हकीकत तो यह है कि इसी साल के बजट में सरकार ने 'इसरो' का बजट 1100 करोड़ रुपए कम कर दिया है। यानी दो चंद्रयान मिशन के बराबर की राशि।

तिब्बत और ताइवान को अलग राष्ट्र मानें ! चीन को यही जवाब !!

के. विक्रम राव

कम्युनिस्ट चीन भी अब भली-भांति समझ गया कि भारत आज 1962 वाला नही है, जो वह धमकियों से खौफ और संत्रास में पड़ जाए। चीन ने नए मानचित्रों में भारत के भूभाग : लद्दाख, कश्मीर, अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया। बड़ा सटीक, साहसभरा जवाब दिया विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक टीवी प्रोग्राम में। उन्होंने कहा : चीन की ये पुरानी आदत है। वो दूसरे देशों के इलाकों पर अपना दावा करते रहे हैं। वे 1950 के आसपास से ही इसके दावे कर रहे हैं। हमारी सरकार अपने देश की रक्षा को लेकर स्थिति साफ कर चुकी है। किसी भी तरह के बेतुके दावे से दूसरों के क्षेत्र आपके नहीं हो जाएंगे। अतः मोदी सरकार अब क्या कदम उठाए बड़ा सरल है। पूर्वोत्तर भारत पर अपना मानचित्र जारी कर दें। इसमें तिब्बत को अरुणाचल का दक्षिणी भाग बता दें। चीन ने अरुणाचल को तिब्बत का उत्तरी भाग बताया है। यूं भी तिब्बत स्वतंत्र राष्ट्र था। अतः फिर बने। दलाई लामा मुखिया होंगे। उनकी मदद और रक्षा करना भारत का दायित्व है। बौद्ध तिब्बत भी, बौद्ध लद्दाख की भांति, भारत से रक्षा पाने का हकदार है। गौतम बुद्ध के नाम पर। ये धर्म प्रवर्तक भारत के थे। मोदी सरकार को जैसे को तैसा वाले कूटनीतिक सिद्धांत के आधार पर ताइवान को पूर्ण गणराज्य वाली मान्यता दे देनी चाहिए।

इसके सर्वमान्य नेता जनरल च्यांग काई शेक तो जवाहरलाल नेहरू के परम मित्र रहे। उनकी लावण्यमयी पत्नी मदाम सूंग मेई लिंग तो नेहरू की खास मित्र भी रहीं। वे 105 वर्ष तक जीवित थी, (निधन न्यूयॉर्क में 23 अक्टूबर 2003)। उनकी अंतिम इच्छा थी अपने पति च्यांग काई शेक के समाधि स्थल ताइवान के सीहु में दफन हों।

चीन द्वारा ऐसी बेतुके और फूहड़ दावों से हर राष्ट्रभक्त भारतीय का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। राहुल गांधी को खासकर। आज वे श्रेष्ठतम भारतीय देशभक्त होने का दावा पेश करते हैं। चीन के नए नक़्शे जारी होने के बाद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा : मैं लद्दाख से आया हूं। पीएम मोदी ने कहा था कि लद्दाख में एक इंच जमीन नहीं गई। ये सरासर झूठ है। इसी उद्गार को राहुल गांधी ने आज फिर मुंबई में गठबंधन की सभा में दुहराया। राहुल गांधी ने कहा : पूरा लद्दाख जानता है कि चीन ने हमारी जमीन हड़प ली। ये मानचित्र की बात तो बड़ी गंभीर है। अब जरूरत है इस 53-वर्षीय अधेड़ कांग्रेसी को याद दिलाने की कि उनकी दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू प्रथम भारतीय थे, जो इस चीन-भारत सीमा विवाद के सृजनकर्ता हैं। उन्हीं की नजरों के सामने ही अक्टूबर 1962 को 43,180 वर्ग किलोमीटर पूर्वोत्तर भारतीय भूभाग को कम्युनिस्ट चीन ने हथिया लिया था। अगले वर्षों में राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी, पिताश्री राजीव गांधी और कांग्रेस प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव तथा फिर सरदार मनमोहन सिंह आदि प्रधानमंत्री पद पर सवार रहकर चार दशकों तक देश की सुरक्षा का वादा करते रहें।

कोटा में आत्महत्याओं का सिलसिला

कोचिंग हब के रुप में प्रतिष्ठित राजस्थान राज्य के कोटा में कोचिंग में पढ़ाई कर रहे छात्रों द्वारा लगातार आत्महत्या की घटनाएं पीड़ा से भर देने वाली है। अभी गत रविवार को ही तैयारी करने वाले दो छात्रों ने मौत को गले लगाया है। सिर्फ वर्ष 2023 की ही बात करें तो अभी तक 23 प्रतियोगी छात्र जान गंवा चुके हैं। छात्रों द्वारा आत्महत्या न सिर्फ कोचिंग संस्थाओं की विद्रुपताओं और सड़-गल चुकी व्यवस्था को उजागर करता है बल्कि परीक्षा के पैटर्न पर भी सवाल खड़ा करता है। यह तथ्य है कि कोचिंग का हब बन चुके कोटा में हर वर्ष देश भर से लाखों छात्र इंजीनियरिंग और मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। सभी का सपना आईआईटी और मेडिकल संस्थानों में एडमिशन पाना होता है। इसके लिए छात्र कोचिंग संस्थानों को भारी रकम चुकाते हैं। संस्थानों द्वारा भी छात्रों को सौ फीसदी सफलता की गारंटी दी जाती है। लेकिन सच्चाई है कि ये संस्थान छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के बजाए उनके सपनों से खेलते हैं। छात्रों का शेडयूल कितना बोझिल होता है इसी से समझा जा सकता है कि उन्हें ठीक से नींद नहीं मिल पा रही है। हर छात्र को तकरीबन हर दिन 6 घंटे कोचिंग क्लासों में बिताना पड़ता है। इसके अलावा उन्हें 10 घंटे स्वयं अध्ययन करना पड़ता है। ऐसे में अगर छात्र अवसादग्रस्त होते हैं तो यह अस्वाभाविक नहीं है। अगर कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर नजर डालें तो ये शिक्षा के केंद्र कम कारोबार के केंद्र ज्यादा हैं। आज की तारीख में कोटा में पसरे संस्थानों का कारोबार हजारों करोड़ रुपए से अधिक का है। कोटा में प्रत्यक्ष व परोक्ष रुप से तकरीबन डेढ़ करोड़ से अधिक छात्र जुड़े हुए हैं। एक छात्र की सालाना औसत कोचिंग फीस तकरीबन एक से दो लाख रुपए होती है। बाकी अन्य खर्चे जोड़ लें तो हर छात्र को तकरीबन सालाना कम से कम ढ़ाई से तीन लाख रुपए देना पड़ता है। कोचिंग के पैसे से रियल स्टेट और छात्रावास निर्माण का कारोबार चरम पर पहुंच चुका है। जब इतने बड़े पैमाने पर छात्र कोचिंग कर रहे हैं तो उनके रहने के लिए आवास की जरुरत पड़ेगी ही। छात्रों की मानें तो उनके रहने के लिए छात्रावास कम पड़ने लगे हैं। लिहाजा हजारों छात्र घरों में पेइंग गेस्ट के रुप में रह रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि छात्रों का सिर्फ आर्थिक और मानसिक शोषण ही नहीं हो रहा है बल्कि उनकी सेहत के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। छात्रावासों में उन्हें अस्वस्थ तरीके से बना अपौष्टिक भोजन परोसा जा रहा है, जबकि इसके लिए मनमाना पैसा लिया जा रहा है। जिले के खाद्य सुरक्षा सेल द्वारा जब भी मान्यता प्राप्त भोजनालय और फुड सेंटर पर खाने की क्वालिटी को परखा जाता है उसमें कमियां पायी जाती हैं। बेहतर होगा कि जिला प्रशासन ऐसे सेंटरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। कोचिंग सेंटरों का हाल और भी बुरा है। यहां छात्रों के अनुपात में संसाधनों की भारी कमी है। कक्षाओं में इतनी अधिक भीड़ होती है कि छात्र ठीक से बैठ नहीं पाते, अध्ययन करना तो दूर की बात है। ऐसे में सम-हजया जा सकता है कि वे किन परिस्थितियों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। सबसे खतरनाक पहलू यह कि कोचिंग केंद्रों में छात्रों को विषयों की गहन जानकारी देने के बजाए शार्टकट सफलता हासिल करने के मंत्र दिए जाते हैं। इस पैटर्न का फायदा जीनियस छात्र तो उठा लेते हैं लेकिन औसत छात्रों को नुकसान ही होता है। कहना गलत नहीं होगा कि कोचिंग सेंटरों में छात्रों को रट्टू तोता बनाया जा रहा है। संभवतः उसी का कुपरिणाम है कि आज परीक्षाओं में मुट्ठी भर छात्रों के हाथ सफलता लग रही है और शेष छात्र असफलता के शिकार हो रहे हैं। यह असफलता उनमें हीन भावना पैदा करती है और वे इतना अवसादग्रस्त हो जाते हैं कि आत्महत्या कर बैठते हैं। पर विडंबना है कि छात्रों की आत्महत्या की घटना भी कोचिंग संस्थानों और अभिभावकों को विचलित नहीं कर रही है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि कोचिंग संस्थानों का उद्देश्य प्रतिभाओं को ग-सजना नहीं बल्कि येनकेनप्रकारेण छात्रों से धन उगाही करना है। यह विडंबना है कि कोचिंग संस्थान ऐसे बच्चों को भी अपने कोचिंग केंद्रों में दाखिला ले लेते हैं जो इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्र में जाने की मानसिक योग्यता नहीं रखते। या यों कहें कि वे ऐसे बच्चों को भी इंजीनियर और डॉक्टर बनाने का प्रलोभन देते हैं जिनमें इंजीनियर और डॉक्टर बनने की न तो अभिरुचि होती और न ही क्षमता। लेकिन गौर करें तो इसके लिए सिर्फ कोचिंग संस्थानों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। छात्रों के अभिभावक भी उतने ही जिम्मेदार हैं। वे अपने बच्चों की मानसिक क्षमता परखे बिना उन्हें इजीनियर व डॉक्टर बनाने पर तुले हुए हैं। उचित होगा कि कोचिंग संस्थान और अभिभावक दोनों बच्चों की मानसिक क्षमता का ध्यान रखते हुए उन्हें उस दिशा में प-सजने के लिए प्रेरित करें जिसमें उनकी अभिरुचि है। लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हो रहा है। यह हमारी शिक्षा प्रणाली की घोर विफलता ही है कि विज्ञान व गणित की पढ़ाई को शिक्षा की सर्वेश्रेष्ठता और रोजगार से जोड़ दिया गया है। साथ ही यह भी मान लिया गया है कि जिसे विज्ञान और गणित की समझ में नहीं आता है वह किसी लायक नहीं है। चिंता की बात यह भी कि विज्ञान व गणित की पढ़ाई करने वाले छात्र भी वैज्ञानिक बनने का सपना नहीं देखते। उनका लक्ष्य इंजीनियर व डॉक्टर बनकर विदेशों में भारी पैकेज हासिल करना होता है। संभवतः यहीं वह सोच है जो छात्रों को न सिर्फ अवसादग्रस्त बना रही है बल्कि जीवन के विविध क्षेत्रों में प्रतिभाओं के आने की संभावना को भी शुन्य कर रही है। इसका सीधा फायदा कोचिंग संस्थानों को मिल रहा है। इसके लिए हमारी शिक्षा प्रणाली ही जिम्मेदार है। आज कोचिंग एक सेक्टर की तरह आर्गनाइज्ड हो चुका है। यह तथ्य भी उभरकर सामने आ रहा है कि कोचिंग सेंटर सरकारी स्कूलों के टीचर्स के साथ मिलकर धंधा कर रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कर रहे हैं। यह स्वीकारने में हर्ज नहीं कि स्कूल-कॉलेज में होने वाली पढ़ाई पर घटता विश्वास और ऊंचे नंबर की ब-सजती चाहत ने देश भर में ट्यूशन और कोचिंग के धंधे को चरम पर पहुंचा दिया है।

तेलंगाना से लूटी कार समेत दो लुटेरे दबोचे

लुटेरों से कार, नकदी, जीपीएस सिस्टम बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में रैपुरा पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा कर दो लुटेरों को दबोचकर लूटी मारुती स्विफ्ट डिजायर कार, पांच हजार रुपये नगद व क्षति ग्रस्त जीपीआरएस सिस्टम, दो वाहन नम्बर प्लेट बरामद की हैं। ज्ञात है कि 29 अगस्त की रात बांधी के पास अज्ञात व्यक्ति बेहोशी दशा में मिलने पर रैपुरा पुलिस ने सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया था। होश आने पर अपना नाम मो समीरुद्दीन पुत्र गौशुद्दीन निवासी मंडी बाजार मिजामपुरा जिला वारंगल तेलंगाना बताया था। उसने बताया कि उसकी स्विफ्ट डिजायर कार ग्रे कलर नम्बर टीएस 24टीए-0322 को राजू नाम के व्यक्ति ने झांसी के लिये 35 हजार रुपये में बुक किया था। सिकन्दराबाद रेलवे स्टेशन हैदराबाद तेलंगाना से उसे बैठाया तथा दूसरे को उप्पल से बैठाया और झांसी के लिये चल दिये। जबलपुर में उन्होंने उसे बीयर पिला दी। गाड़ी दूसरा व्यक्ति चलाने लगा। रास्ते में इन लोगों ने उसे चाय पकौडी एवं कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ खिला दिया। इसके बाद उसे कुछ होश नहीं है। खुद को सीएचसी रामनगर में पाया। इस सूचना पर थाना रैपुरा में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर थानाध्यक्ष रैपुरा को पदार्फाश के

निर्देश दिये। वादी ने बताया कार जेपी मोर्गन आईटी कम्पनी हैदराबाद से अटैच है। जीपीएस लोकेशन वहीं से ट्रेस हो सकती है। पुलिस ने जेपी मोर्गन आईटी कम्पनी से सम्पर्क कर गाड़ी की लोकेशन ली। एक सितम्बर को रैपुरा पुलिस ने अजीत कुमार उर्फ नंगू गोस्वामी पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी जोरिया मजरा जगतापुर थाना कटरा जिला गोण्डा, आदर्श तिवारी उर्फ वेजम पुत्र रामअचल तिवारी निवासी दिनउ पुरवा मजरा पारस पट्टी थाना मोतिगरपुर जिला सुल्तानपुर को दबोचकर आदर्श तिवारी के ट्यूबवेल से लूटी कार बरामद की। कार में फर्जी नम्बर लगा रखा था। अजीत कुमार उर्फ नंगू गोस्वामी के कब्जे से लूटे पांच हजार रुपये बरामद हुए। सख्ती से पूंछताछ में बताया कि वे दूर-दराज से गाडियों को बुककर रास्ते में ड्राइवर के साथ जहरखुरानी कर गाडियों को लूटकर उन्हे बेंच देते थे। जो पैसा मिलता है, उसे आपस में बांट लेते हैं। अजीत उर्फ नंगू ने बताया कि उसने व साथी रामकरन पुत्र बिहारी भोला पत्थरकट निवासी रामचरन का पुरवा मजरा पुरे तेंदुआ थाना धानेपुर जिला गोण्डा के साथ गाड़ी बुक की थी। ड्राइवर को रास्ते में जहरखुरानी कर जेब में रखे 14 हजार रुपये, मोबाइल व कार लूट कर आये थे। लूटे रुपयों में सात-सात हजार बांट लिये थे। रामकरन की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं। टीम में दरोगा सिद्दनाथ राय, सिपाही अजीत यादव व नन्दलाल शामिल रहे।

जानलेवा हमले के आरोपी बंदूक समेत गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस ने जानलेवा हमला के दो आरोपी दबोचे हैं।

शनिवार को सरधुवा पुलिस ने जानलेवा हमले के नामजद आरोपी अवधेश तिवारी पुत्र रामकृपाल व कृष्ण औतार तिवारी पुत्र रामकृपाल निवासी गडौली को घटना में प्रयुक्त दोनाली बन्दूक व आठ कारतूस तथा एक खोखा समेत गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त बंदूक व कारतूस बरामदगी पर मुकदमे में धारायें बढाई है। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही अतुल मिश्रा शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में दरोगा रविकान्त राय ने सिपाही सूर्यकान्त व आशीष कुमार के साथ नामजद वांछित राजाराम उर्फ कलिवा पुत्र रामपाल व जयनारायण पुत्र शिवशरण निवासी गंगू का पुरवा मजरा कौहारी तथा अखिलेश पुत्र बच्चीलाल यादव निवासी बुद्धू पुरवा मजरा कौहारी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा अजहर जमाल ने सिपाही सतीश यादव के साथ वारंटी बच्चा यादव पुत्र लोटन यादव निवासी भैसोधा को गिरफ्तार किया।

गुलामी की मानसिकता खत्मकर विरासत पर करें गर्वः सांसद

मेरी माटी मेरा देश अभियान ओरा से शुरू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सांसद आरके सिंह पटेल ने ओरा गांव में शहीदों की याद में लगाये शिलापट का शिलान्यास कर शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

शनिवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने ओरा गांव में कहा कि ये कार्यक्रम उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों के सम्मान को समर्पित है। प्रत्येक ग्राम पंचायत की मिट्टी अमृत कलश में भरकर देश की राजधानी दिल्ली जाएगी। प्रत्येक विधानसभा के नाम से एक वृक्ष भी लगाया जाएगा। सांसद आरके सिंह पटेल ने पंच प्राण की प्रतिज्ञा दिलवाई। भारत को विकसित देश बनाने व गुलामी की मानसिकता को खत्म कर समृद्ध विरासत पर गर्व करने देश की एकता और एकजुट बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रतिज्ञा दिलाई। सांसद पटेल ने कहा कि सरकार गरीब किसान कल्याण की योजनाओं के साथ देश के लिए सबकुछ न्योछावर करने वाले वीर जवानों की याद में प्रत्येक ग्राम पंचायत के सभी गांव में अभियान से जुड़कर शहीदों का सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रही है। ग्राम पंचायत के डिग्री मंदिर परिसर में 75 पेड़ लगाकर अमृत वाटिका सजाने को ग्रामीणों से आग्रह किया। कहा कि देश आजादी के सौ वर्ष पूरे करेगा, अमृत काल पर आने वाली पीढ़ियां शहीदों के सम्मान में ऐसे रचनात्मक कार्य करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाअध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, विनोद पांडेय, जिला उपायुक्त मनरेगा धर्मजीत सिंह, राधेश्याम दिवाकर, फूलचंद राजपूत, प्रधान अभेष मिश्रा, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, अशीष रघुवंशी, राजकुमार त्रिपाठी, शिव प्रकाश मिश्र, अभिमन्यु बेलौहा, रामबरन श्रीवास, अमित मिश्रा, वेद प्रकाश, देव कुमार यादव, अशोह प्रधान मेहरबान प्रताप, प्रधान लवदीप शुक्ला खरसेडा, पुनीत उपाध्याय, राम आसरे यादव, पिलखिनी प्रधान रूप नारायण, सर्वजीत सिंह, चुनकवान राजपूत, राजाराम यादव आदि मौजूद रहे।

फर्जी कम्पनी बना करोड़ों की ठगी का खुलासा

-छह लोगों के कब्जे से दो कार, दो बाइक बरामद -एसपी ने ठगों के खुलासे की ली थी चुनौती

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में क्राइम ब्रांच व कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी कम्पनी बनाकर लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश कर छह लोगों को दबोचा है। दबोचे लोगों के कब्जे से दो कार, दो चोरी की बाइक, आठ मोबाइल फोन एवं फर्जी कागजात बरामद हुए।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुईं। उन्होंने बताया कि दस जुलाई को कोतवाली कर्वी में श्रीमती सुशील देवी पत्नी गिरधारीलाल निवासी कसहाई ने सूचना दी कि हार्वड जागरुकता एजुकेशन ट्रस्ट के कर्मचारी विनय कुमार वर्मा पुत्र जयराम वर्मा निवासी चमरपुर थाना भदोजोज जिला बलरामपुर ने झांसा देकर करोड़ों रुपये गबन कर भाग गये हैं। कोतवाली में विनय कुमार आदि के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। पुलिस अधीक्षक ने घटना की गंभीरता के मद्देनजर विवेचना अपराध शाखा निरीक्षक एमपी त्रिपाठी को सौंपी। विवेचक एमपी त्रिपाठी व स्वाट टीम ने सर्विलांस की मदद से मुखबिर की सूचना पर बांदा की ओर सिंहपुर होकर पहाड़ी-राजापुर जाने की सूचना पर चैरा मोड से छह लोगों को स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर यूपी53ईसी-7336 व वेगनार कार नम्बर यूपी53ईए-3289 को फर्जी दस्तावेज समेत दबोचा। इनकी निशानदेही पर रेलवे स्टेशन चित्रकूट से दो चोरी की बाइक भी बरामद की।

दबोचे ठगों ने पूंछताछ में बताया कि उनका सरगना प्रमोद गुप्ता पुत्र मोहन उर्फ नाहर गुप्ता निवासी मोइला हरपुर थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर है। वह हार्वड जागरुकता एजुकेशनल ट्रस्ट नाम से जिले में दो शाखायें अमानपुर व कस्बा मऊ में खोले है। उन्हें नवम्बर 2022 में काम करने भेजा था। दस जुलाई तक उन लोगों ने विभिन्न पदों पर नौकरी देने होम ट्यूटर (एसटी), फील्ड क्वाडीर्नेटर (एफसीओ), कम्प्यूटर टीचर (सीटी) व ग्रीन प्लांट मैनेजर आदि बनाकर कम समय में अधिक पैसे कमाने का लालच देकर हजारों लोगों को जोड़कर सिक्योरिटी मनी व रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर पांच करोड़ से अधिक की धनराशि एकत्र की। दस जुलाई को वे अमानपुर वाले सेंटर के पास से दो मोटरबाइक चुराकर भाग गये थे। उन लोगों की सभी फर्जी आईडी, फर्जी नाम, फर्जी सिम व नये मोबाइल फोन सरगना प्रमोद गुप्ता ने दिये थे। इसका उपयोग लोगों के साथ धोखाधड़ी में करते थे। क्षेत्रीय लोगों को नौकरी देने पर उन्हीं के बैंक खाते में रुपये जमा कराते थे। नकद पैसै निकलवाकर ले लेते थे। बीच-बीच में सरगना प्रमोद गुप्ता के साथी आकर पैसे ले जाते थे। अलग-अलग बैंक खातों में अभी दस लाख रुपये हैं।

विधायक ने ठगी का उठाया था मुद्दा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले में हॉवर्ड एजुकेशन ट्रस्ट के ठगी का मुद्दा विधानसभा में उठाया था।

ठगी के शिकार लोगों समेत पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंटकर कड़ी कार्यवाही करने के साथ ठगी के शिकार लोगों का पैसा दिलाने की कार्यवाही की मांग की थी। नतीजतन पुलिस अधीक्षक ने विधायक की बातों को संज्ञान में लेकर टीम लगाकर आज ठगों के गिरोह का पदार्फाश किया है।

बाकी रुपये प्रमोद गुप्ता ने गोरखपुर में जमीन खरीद कर प्लाटिंग कर रहा है। नया मकान बनवा रहा है। उन्हें भी एक-एक प्लाट देने को बोला था। सभी लोगों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्जकर प्रमोद गुप्ता व दो अन्य साथियों की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं। इसी प्रकार जिले के मऊ थाने के मधुवन में माउण्ड ऐजुकेशनल सर्विस नामक संस्था बनाकर इन्ही लोगों ने लोगों को विभिन्न पदों पर नौकरियां एवं कम समय में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर करोंड़ों रुपये की ठगी की है। इस मामले में मऊ थाने में भी मामला दर्ज है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अमन जायसवाल पुत्र प्रेमचन्द्र जायसवाल निवासी टोला कतरौन कुसमहा थाना रामकोला जिला कुशीनगर (फर्जी नाम विनय वर्मा), राज गुप्ता पुत्र जगदम्बा प्रसाद गुप्ता निवासी भटवा तिवारी थाना खामपार जिला देवरिया, प्रेमचन्द्र जायसवाल पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी टोला कतरौन कुसमहा थाना रामकोला जिला कुशीनगर, मनोज कुमार जायसवाल पुत्र हरीशचन्द्र निवासी राप्तीनगर थाना शाहपुर जिला गोरखपुर, उपेन्द्रनाथ पाण्डेय पुत्र रामदास निवासी सहुला खुर्द थाना खजनी जिला गोरखपुर (फर्जी नाम वीके सिंह) व गिरजेश गुप्ता पुत्र रामलखन निवासी देउरवा थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर शामिल हैं। पुलिस टीम में निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल प्रभारी स्वाट टीम, दरोगा पवन प्रधान, दीवान जितेन्द्र कुमार सर्विलांस टीम, दीवान प्रदीप कुमार द्विवेदी स्वाट टीम, दीवान धर्मेन्द्र कुमार सर्विलांस टीम, सिपाही रोहित सिंह सर्विलांस टीम, सिपाही रोशन सिंह स्वाट टीम, सिपाही राघवेन्द्र सिंह स्वाट टीम, सिपाही आशीष कुमार सर्विलांस टीम, सिपाही पवन राजपूत स्वाट टीम, सिपाही ज्ञानेश मिश्रा स्वाट टीम, दीवान शिवकरन कोतवाली, दीवान संदीप देव कोतवाली कर्वी, सिपाही शुभम शर्मा, सिपाही अमिक कुमार शामिल रहे।

अभियान की सफलता से बनेगी तीसरी बार सरकार: देवेश कोरी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला पंचायत सभागार में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे की अध्यक्षता में बैठक हुई।

शनिवार को पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, दिनेश तिवारी की मौजूदगी में देवेश कोरी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान की सफलता ही तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएगी। मतदाता से सतत सम्पर्क कर घर-घर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित करें। गांव-गांव अमृत वाटिका बने। पंच प्रण का पुनर्स्मरण जन-जन करे। घर-घर से मिट्टी का संकलन हो। चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगो को अभियान से जोड़ना है।

बूथ से लेकर जिला पदाधिकारी तक और सभी जनप्रतिनिधिगण इस अभियान में सक्रिय रुप से हिस्सा लें। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि दो व तीन सितंबर को सभी मण्डलों की कार्यशाला में शत-प्रतिशत उपस्थिति हो। जन-जन की सहभागिता से मेरी माटी मेरा देश अभियान के विराट स्वरूप को व्यक्त कर सकते हैं। अभियान के संयोजक राघवेन्द्र सिंह जिला महामंत्री हैं। कार्यशाला में जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष आनन्द पटेल, ब्रजेश पाण्डेय, हरिओम करवरिया, अंजू वर्मा, भागवत त्रिपाठी, अखिलेश, राघव अग्रवाल, रामेन्द्र गौतम, रवि गुप्त, विकास मिश्र, लवलेश, नरेंद्र गुप्ता, सुशील द्विवेदी, ओमप्रकाश, रमाकांत, विनोद पाडे, आशीष, सच्चिदानंद, अरविन्द रलिहा, गंगाधर मिश्रा, सुशीला प्रधान, संजय पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

कोलान बस्ती में पीने के पानी को ग्रामीण परेशान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के ऐलहा बढैया कोलान बस्ती में पानी की किल्लत से ग्रामीण खासे परेशान हैं। जिम्मेदार नहीं सुन रहे। समस्या को लेकर अमरजीत यादव ने समाधान दिवस में एसडीएम मानिकपुर को ज्ञापन देकर पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

शनिवार को मानिकपुर समाधान दिवस में अमरजीत ने बताया कि प्रधान व सचिव की लापरवाही से ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। समस्या को लेकर वह मानिकपुर एसडीएम के पास आये हैं। उन्हें ज्ञापन देकर पीने के पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है। एसडीएम ने ग्रामीणों को भरोसा दिया है कि बस्ती में पीने के पानी की व्यवस्था जल्द की जायेगी।

दहेज हत्या में मां-बाप और बेटे को हुई दस साल की सजा, त्वरित न्यायालय ने सुनाया फैसला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दहेज हत्या मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मां-बाप और बेटे को दस वर्ष की सजा सुनाई है। प्रत्येक को आठ हजार रुपये के जुमार्ने से भी दंडित किया है।

शनिवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि वादी रामसनेही पटेल ने 24 मार्च 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अपनी बहन सुमन देवी की शादी सेमरिया गांव के लवलेश पटेल के बेटे नीरज के साथ की थी। शादी के बाद से ही बहन सुमन को दहेज को लेकर ससुर लवलेश पटेल, सास फूला देवी व पति नीरज परेशान करते थे। दहेज में चारपहिया गाड़ी, पांच लाख रूपए मांगे जाते थे। सुमन को प्रताड़ित करने को खाना पीना भी नहीं दिया जाता था। वह कई दिनों तक भूखी रहती थी। इसकी जानकारी उसकी बहन मायके आने पर देती थी। ससुरालीजनों के उत्पीड़न को लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। ससुरालीजन सुमन को लिवाने आए तो उन लोगों ने भेज दिया। ससुरालीजनों ने उसकी बहन को 23 मार्च 2018 को फांसी लगाकर मार डाला। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति नीरज, सास फूला देवी और ससुर लवलेश को दस-दस वर्ष की सजा सुनाई। प्रत्येक को आठ हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। जुमार्ना की धनराशि में पचास फीसदी मृतका के भाई रामसनेही पटेल को देने का आदेश दिया।

ट्रायल की तिथियां निर्धारित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खेल निदेशालय लखनऊ के जारी कार्यक्रमनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी पर एथलेटिक्स की प्रदेशी प्रतियोगिता 11 से 12 सितंबर तक वाराणसी में हो रही है। बास्केटबॉल प्रतियोगिता 18 से 21 सितंबर बास्केटबॉल सिर्फ पुरुषों के लिए अयोध्या में हो रही है। एथलेटिक पुरुष और महिला में चित्रकूट धाम मंडल की टीम हिस्सा लेने भेजी जाएगी। जिला स्तर पर पांच सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे एथलेटिक्स के पुरुष महिला का चयन होगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में 14 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे बास्केटबॉल पुरुष का चयन होगा। छह सितंबर को एथलेटिक का मंडली ट्रायल, 15 सितंबर को पुरुष बास्केटबॉल का ट्रायल स्टेडियम में होगा। जो खिलाड़ी भाग लेना चाहे, वह इन तिथियों में ट्रायल दे सकते हैं।

नेत्रदान की भ्रांतियां दूर करने को दिखाई फिल्म

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। परमहंस संत रणछोड़ दास जी महाराज के कर कमलों से स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में 38वें नेत्रदान पखवाड़े में जिले के समाजसेवियों समेत नेत्रदान के प्रति लोगो में जागरूकता लाने को व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने को हुई गोष्ठी में कार्निया डिपार्टमेंट के प्रमुख डा गौतम सिंह परमार ने नेत्रदान संबंधित फिल्म दिखाई।

शनिवार को डॉ गौतम सिंह ने नेत्रदान की बाबत जानकारी दी। सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी/प्रशासक डा ईलेश जैन ने सभी समाजसेवियों का स्वागत करते हुए कहा कि नेत्रदान के प्रति लोगों को प्रेरित करना सबकी चुनौती है। किसी परिवार को रोशनी देनी है तो महादान के लिए सबको संकल्प लेकर जागरूक करना होगा। ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बीके जैन ने सभी समाजसेवियों का आभार जताते हुए कहा कि ये किसी एक व्यक्ति का काम नही है, नेत्रदान समाजहित का काम है। इसे करने की समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने नेत्रदान के प्रति लोगो में फैली भ्रांतियों को दूर करने का गोष्ठी में मौजूद लोगो से सुझाव मांगे। गोष्ठी में मौजूद लोगो ने नेत्रदान के बारे में जानकारियां ली। डा जैन ने बताया कि रविवार को शाम चार बजे कर्वी चित्रकूट नगर पालिका परिषद के सामने नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली जाएगी। चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर रैली का समापन होगा। नेत्रदान जागरूकता रैली में ज्यादा से ज्यादा लोग हिस्सा लें। इस मौके पर जिले के समाजसेवी, गणमान्य लोग आदि मौजूद रहे।

हापुड़ कांड की हो न्यायिक जांच , अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। हापुड कांड को लेकर अधिवक्ताओं ने अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह को मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि एसआईटी टीम में बार काउंसिल के दो सदस्यों को शामिल किया जाए। दो न्यायिक अधिकारी शामिल हों जो निष्पक्ष रिपोर्ट दे सकें।

शनिवार को मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन में फौजदारी अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि जल्द एडवोकेट प्रोटेक्सन एक्ट लागू किया जाए। कुंवर रोहित सिंह ने कहा कि हापुड़ घटना की जितनी निन्दा की जाये कम है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, सरकार को कडे कदम उठाना चाहिए। हापुड़ घटना को लेकर तीसरे दिन भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। ज्ञापन देने में खासतौर पर जिला प्रभारी एडवोकेट काउंसिल रामप्रकाश पाण्डेय, आनन्द मिश्रा, कुंवर रोहित सिंह, सुरेन्द्र पयासी, लक्ष्मण त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, लक्ष्मण कुशवाहा, मनमोहन चतुवेर्दी शामिल रहे।

नेपाल में धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिन्दुओं का ही हो रहा अपमान : लिंगदेन

काठमांडू। कभी हिन्दू राष्ट्र रहे नेपाल में इन दिनों धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिन्दुओं का ही अपमान किया जा रहा है। यह बात नेपाल में हिन्दू राष्ट्र के समर्थन में आवाज उठाने वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन ने शनिवार को कही। लिंगदेन ने बुटवल में पार्टी के जनजागरण सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व का एकमात्र संवैधानिक रूप से घोषित हिन्दू राष्ट्र होना पूरे देशवासियों के लिए गर्व की बात थी। उन्होंने कहा कि हिन्दू राष्ट्र में सभी धर्मों का ना सिर्फ सम्मान होता था बल्कि सभी धर्मों की सुरक्षा भी होती थी। उन्होंने कहा कि अब धर्मनिरपेक्ष होने पर नेपाल में सबसे अधिक अपमान हिन्दुओं का ही हो रहा है। विभिन्न बहाने बनाकर हिन्दू धर्म और सनातन संस्कृति का अपमान किया जा रहा है। लिंगदेन ने आरोप लगाया कि जनभावना के विपरीत नेपाल को रातोंरात धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित कर दिया गया। लिंगदेन ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गौ हत्या के मामले में सरकार संवेदनशील नहीं है। जिस तरह से गाय काटने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और उसके विरोध में प्रदर्शन पर अंकुश लगाया गया, यह सम्पूर्ण हिन्दू समाज का अपमान है। उल्लेखनीय है कि नेपाल के धरान इलाके में कुछ लोगों ने गाय काट कर भोज करने का वीडियो बनाया था और इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। जब इसके विरोध में हिन्दू संगठनों ने प्रदर्शन का ऐलान किया तो वहां पर 24 घंटे के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

'मैं ट्रांसजेंडर हूं, पापा को मत बताना', मस्क से नाता तोड़ने के बाद बेटी ने आंटी से कही थी ये बात

वाशिंगटन। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर वह अपनी ट्रांसजेंडर बेटी की वजह से चर्चा में आ गए हैं। हाल ही में लेखक वाल्टर इसाकसन ने मस्क के जीवन से जुड़ी एक किताब 'एलन मस्क' प्रकाशित की है। इसमें दावा किया गया है कि मस्क की बेटी ने अपनी आंटी को अपने लिंग परिवर्तन के बारे में बताया था, लेकिन साथ ही अपने पिता को इस बारे में कुछ नहीं बताने को कहा था। तब से ही मस्क अपनी बेटी से नाराज हैं। दरअसल, साल 2021 में मस्क की बेटी जेवियर अलेक्जेंडर मस्क ने कोर्ट में अपना नाम बदलकर विवियन जेना विल्सन रखने और नए जन्म प्रमाण पत्र पर अपनी नई जेंडर आइडेंटिटी दिखाने की अर्जी दी थी। साथ ही अपने बायोलॉजिकल पिता के साथ अलग होने की इच्छा जताई थी। किताब से पता चलता है कि मस्क की 16 वर्षीय बेटी विवियन जेना विल्सन ने लिंग परिवर्तन के बारे में सबसे पहले अपनी आंटी को बताया था। उसने उन्हें एक मैसेज किया था कि मैं ट्रांसजेंडर हूं और मेरा नाम अब जेना है। साथ ही उसने लिखा था कि इस बारे में पापा को मत बताना। लेखक इसाकसन ने बताया कि मस्क अपनी बेटी को कम्युनिस्ट बुलाते हैं। उनका मानना है कि विवियन कैलिफोर्निया में अपने स्कूल से प्रभावित थी, जिसके लिए 50 हजार डॉलर हर साल देने पड़ते थे। इसी के चलते उसने रिश्ता तोड़ लिया। मस्क मानते है कि क्रॉसरोड्स स्कूल फॉर आर्ट्स एंड साइंसेज ने उनकी बेटी का ब्रेनवॉश किया, जिससे उसे लगता था कि जो भी अमीर होता है वह बुरा ही होता है। उन्होंने कहा कि वह केवल समाजवाद में विश्वास करने से आगे बढ़कर पूरी तरह कम्युनिस्ट बन गई और यह सोचने लगीं कि सभी अमीर लोग बुरे होते हैं। बता दें, मस्क की संपत्ति 257.5 अरब डॉलर है।

चलो, चलो कारगिल चलो...पाकिस्तान से नहीं संभल रहा गिलगित-बाल्टिस्तान!

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है और लोग चलो कारगिल चलो के नारे लगा रहे हैं और भारत में विलय की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के ख़िलाफ़ ये प्रदर्शन ईशनिंदा के आरोप में एक जाने-माने शिया मौलवी की गिरफ़्तारी के बाद हुए हैं। यह पाकिस्तान के लिए उथल-पुथल भरा समय है। भारत का पड़ोसी देश हर तरह की परेशानी से जूझ रहा है। इसकी राजनीति मंदी में है और इसकी अर्थव्यवस्था मंदी में है। जैसे-जैसे देश अपनी समस्याओं से निपटने की कोशिश कर रहा है, वैसे-वैसे देश को गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का भी सामना करना पड़ रहा है और लोगों से कारगिल के बदले देश छोड़ने का आह्वान किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर, जिसे अब एक्स नाम दिया गया है, पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में लोगों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और राष्ट्र के खिलाफ नारे लगाने के वीडियो सामने आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर मौजूद एक वीडियो में (उनमें से किसी की भी पुष्टि नहीं की गई है) स्कर्दू क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर पाकिस्तानी अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और देश के खिलाफ नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के नेताओं में से एक को यह धमकी देते हुए सुना जा सकता है कि वे ढदरवाजे तोड़ देंगे और कारगिल चले जाएंगे।

पाकिस्तान में आतंकवादियों से मुठभेड़ में मेजर और सिपाही शहीद

रावलपिंडी। पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीरान शाह क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों के अभियान के दौरान सेना के एक मेजर और एक अन्य सैनिक बलिदान हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आईएसपीआर ने कहा कि मेजर आमिर अजीज इस अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। इस अभियान में दोनों तरफ से हुई गोलाबारी में हालांकि एक आतंकवादी भी मारा

गया जबकि दूसरा घायल हो गया। इस अभियान में 29 वर्षीय मेजर आमिर और 27 वर्षीय सिपाही मोहम्मद आरिफ शहीद हो गए।

चीन के नए नक्शे पर नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा- हमारे नक्शे का सम्मान किया जाए

काठमांडू। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए देश के नक्शे का सम्मान करने को कहा है। चीन के द्वारा जारी किए गए नक्शे पर आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाल की संसद से जिस नक्शे को पारित किया गया उसका सम्मान सभी पड़ोसी देशों को करना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि नेपाल को विश्वास है कि नेपाल के नक्शे का सम्मान पड़ोसी देश और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के द्वारा किया जाएगा। देश में चल रहे चीन विरोधी प्रदर्शन के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि चीन

के साथ नक्शे के विवाद को कूटनीतिक माध्यम से हल किया जाएगा। इसी बीच सत्तारूढ़ माओवादी पार्टी की तरफ से भी चीन के नक्शे को लेकर आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। माओवादी नेता अग्नि सापकोटा ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के चीन भ्रमण के समय बीजिंग में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नक्शा जैसे संवेदनशील विषय पर पड़ोसी देश को भी संवेदनशील तरीके से सोचना चाहिए।

पूर्वी कांगो में संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर फायरिंग, 43 की मौत, 56 घायल

कांगो। अफ्रीकी देश कांगो में संयुक्त राष्ट्र के विरोध में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सेना के सुरक्षाबलों की तरफ से हुई फायरिंग में 43 लोगों के मारे जाने सूचना आ रही है। सेना ने शुरू में सात लोगों के मारे जाने की जानकारी दी थी। सरकार ने बुधवार को पूर्वी कांगो के शहर गोमा में संयुक्त राष्ट्र विरोधी हिंसक प्रदर्शनों पर कार्रवाई की थी, जिसमें 56 अन्य लोग घायल हो गए। दरअसल, एक पुलिसकर्मी पर हमले का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांगो की सेना ने गोमा शहर में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और अन्य विदेशी संगठनों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन को हिंसक तरीके से तितर-बितर कर दिया। कांगो के अधिकारियों ने कहा कि

पुलिसकर्मी की पत्थर मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद सेना ने कार्रवाई करते हुए सात प्रदर्शनकारियों को मार गिराया। मगर सेना के ही दो अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि हमले में मरने वालों की संख्या 40 से ऊपर है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि के वह सैनिकों द्वारा प्रदर्शनकारियों की मौतों की जांच कर रहे हैं। प्रांतीय सेना के प्रवक्ता गुइलाउम एनडजिक ने इन रिपोर्टों का खंडन किया और कहा कि मरने वालों की संख्या सात बनी हुई है। बता दें कि कांगो सेना के अधिकारियों का एक वीडियो वायरल है, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सेना दर्जनों शवों को एक ट्रॉली में घसीटते हुए भर रही है। गोमा में इंटरनेशनल रेड क्रॉस की स्थानीय ब्रांच की प्रमुख ऐनी सिल्वी लिंडर ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन के बाद उनके क्लिनिक में बड़ी संख्या में लोग आए थे, जो गंभीर रूप से चाकू और गोली से घायल हुए थे। ऐनी ने कहा कि क्लिनिक पर लाए गए घायलों में कुछ मर चुके थे।

शाही परिवार के धुर आलोचक मोहम्मद अल फायद का निधन, बेटे की राजकुमारी डायना के साथ हुई थी मौत

लंदन। ब्रिटेन के अरबपति बिजनेसमैन मोहम्मद अल फयाद का 94 साल की उम्र में निधन हो गया है। मिस्त्र मूल के मोहम्मद अल फायद अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते थे और खासकर ब्रिटिश शाही परिवार के कट्टर आलोचक थे। बता दें कि साल 1997 में पेरिस में मोहम्मद अल फायद के बेटे डोडी फायद की ब्रिटेन की तत्कालीन राजुकमारी प्रिंसेस डायना के साथ सड़क हादसे में मौत हुई थी। उसके बाद से फायद ब्रिटिश शाही परिवार के तीखे आलोचक हो गए थे। फुलहैम क्लब ने बयान जारी कर बताया कि 30 अगस्त 2023 को मोहम्मद अल फायद का निधन हुआ। फायद साल 1970 में मिस्त्र से लंदन पहुंचे थे। लंदन आने के बाद फायद ने कई बड़े बिजनेस में निवेश किया और लंदन की उच्च वर्ग में अपनी पकड़ बना ली। पेरिस के रिट्ज होटल का मालिकाना हक भी चार दशकों तक मोहम्मद अल फायद के पास रहा। मोहम्मद अल फायद का नाम विवादों में भी खूब रहा और उन्होंने सार्वजनिक तौर पर ब्रिटिश नागरिकता के लिए लड़ाई लड़ी। साल 1997 में जब पेरिस में एक कार हादसे में ब्रिटेन की राजकुमारी डायना के साथ उनके बेटे डोडी फायद की मौत हो गई तो मोहम्मद अल फायद मुखर होकर ब्रिटिश राजघराने की आलोचना करने लगे। यहां तक की एक बार उन्होंने ब्रिटिश राजघराने को 'ड्रैकुला परिवार' तक कह दिया था।

अमेरिकी जेल में भिड़े कैदी, एक की मौत, चार घायल

वाशिंगटन। अमेरिका की फुल्टन काउंटी जेल में कैदियों के बीच भिड़ंत में एक की मौत हो गयी और चार कैदी घायल हो गए। इस जेल में हिंसक झगड़ों के कारण बीते एक माह में पांच कैदियों की मौत हो चुकी है।

जानकारी के मुताबिक फुल्टन काउंटी जेल में बंद 23 वर्षीय डेवियन ब्लास्के की अन्य कैदियों से हथियारों को लेकर बहस हुई, जो बाद में झड़प में बदल गई। इस विवाद में ब्लास्के गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत ग्रेडी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। चाकू लगने से घायल अन्य तीन कैदियों को अस्पताल ले जाया गया। इसके अलावा, एक कैदी का गुरुवार शाम को जेल के मेडिकल स्टाफ ने इलाज किया। फुल्टन काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता नताली अम्मोन्स ने बताया कि झड़प क्यों हुई और चाकू कहां से आए, इसकी जांच की जा रही है। अटलांटा पुलिस इस घटना में शामिल कैदियों के



नाम जल्द जारी करेगी। फुल्टन काउंटी जेल में कैदियों के बीच संघर्ष नई बात नहीं है। पिछले एक महीने में अलग-अलग हिंसक झड़पों में पांच कैदियों की मौत हो चुकी है और कई घायल हुए हैं। जेल के एक अधिकारी पैट्रिक लाबाट ने कहा कि जेल में लगातार हो रही हिंसा एक चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि जेल में लगातार कैदियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

जेल की दीवारें भी टूट गई हैं, जिसका फायदा उठाकर कैदियों द्वारा हथियार तैयार किए जा रहे हैं। बाद में वे इन्हीं हथियारों का एक दूसरे और पुलिस कर्मचारियों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल करते हैं।

यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस के कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र से कुछ दूर इमारत क्षतिग्रस्त

मास्को। रूस के सैन्य हमलों का सामना कर रहे यूक्रेन ने भी हवाई मोर्चे पर कड़ा जवाब देना शुरू कर दिया है। यूक्रेन के एक ड्रोन ने तड़के पश्चिमी रूस के कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र से कुछ किलोमीटर दूर कुरचटोव शहर में एक इमारत के बाहरी हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में रूस के अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र रूस के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा स्टेशनों में से एक है। हमले में हालांकि संयंत्र को कोई नुकसान नहीं हुआ। गवर्नर रोमन स्टारोवोइट के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। सोवियत काल के कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र में चेरनोबिल परमाणु संयंत्र के समान ही ग्रेफाइट संचालित रिएक्टर हैं। रूस के राज्य परमाणु निगम के अनुसार, वर्तमान में कुर्स्क में तीन आरबीएमके-1000 रिएक्टर चालू हैं। मेयर सर्गेई सोबयानिन के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में

कहा गया है कि सुबह राजधानी मास्को की ओर आ रहे एक और ड्रोन को मार गिराया गया। इस वजह से डोमोडेडोवो और वनुकोवो हवाई अड्डे पर कुछ समय विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ। स्थानीय मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि पश्चिमी और मध्य रूस के क्षेत्रों में रातभर ड्रोन हमले हुए।

अटक जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की बढ़ रहीं मुश्किलें, पुलिस वकीलों को मुलाकात करने से रोक रही

चंडीगढ़। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान की मुश्किलें खान से मिलने नहीं दिया जा रहा है। वहीं, रांझा ने कहा कि अदालत ने जेल अधिकारियों को आदेश

दिया था कि वह पीटीआई प्रमुख और उनके बेटों के बीच फोन पर बात करने की अनुमति दी जाए। इसके बाद भी जेल अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। वह बात करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

वकील को मिला सिफर मामले का रिकॉर्ड

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख का प्रतिनिधित्व करने वाली कानूनी टीम को कल खान की रिमांड की जानकारी और सिफर मामले का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री की कानूनी टीम को दिया गया था। बता दें, पीटीआई अध्यक्ष के वकील ने अदालत से सिफर केस रिकॉर्ड मांगा था। अदालत द्वारा याचिका स्वीकार किए जाने के बाद रिकॉर्ड कानूनी टीम को सौंप दिया गया था।

अटक जेल में स्थानांतरित सिफर मामले की सुनवाई

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख के खिलाफ सिफर मामले की सुनवाई अटक जेल में स्थानांतरित कर दी गई। कानून मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, मंत्रालय ने पूर्व प्रधानमंत्री के सिफर मामले की सुनवाई अटक जेल में आयोजित करने को मंजूरी दे दी। गौरतलब है, इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने पीटीआई अध्यक्ष को सिफर मामले में अटक जेल में न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।

बाइडन-पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक आठ सितंबर को; जी 20 के लिए भारत आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आएंगे। इससे जुड़ी आधिकारिक जानकारी व्हाइट हाउस ने सार्वजनिक की। व्हाइट हाउस के मुताबिक, बाइडन गुरुवार यानी सात सितंबर से भारत की यात्रा पर रहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति आठ सितंबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उनसे मिलकर बाइडन जी20 समूह के नेतृत्व की सराहना भी करेंगे।

बयान के मुताबिक, नौ और दस सिंतबर को राष्ट्रपति बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान सदस्य देशों के नेता स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित अन्य अहम वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिए उठाए जा रहे संयुक्त कदमों पर चर्चा करेंगे।बयान में आगे कहा गया कि जी20 देशों के नेता यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आक्रमण के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों का भी आकलन करेंगे। जी20 नेता वैश्विक चुनौतियों से निपटने और गरीबी से बेहतर ढंग से लड़ने के दौरान राष्ट्रपति बाइडन प्रधानमंत्री मोदी के जी20 समूह के नेतृत्व की भी सराहना

के लिए विश्व बैंक सहित अन्य बहुपक्षीय विकास बैंकों की क्षमता बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे।

बयान के मुताबिक, नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। वह आर्थिक सहयोग के प्रमुख मंच के रूप में जी20 के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे, जिसमें 2026 में समूह की मेजबानी भी शामिल है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।